हरिभूमि
रायपुर भूमि

- मूक-बधिर छात्रा ने मंगलवार तड़के तेंदुआ देखे जाने की दी जानकारी
- दूसरे दिन कुक ने तेंदुआ की दहाड़ सुनाई देने के साथ पैरा के अंदर हलचल देखे जाने का किया दावा



*महासमुंद मार्ग स्थित नेशनल हाईवे से सटे सेवा निकेतन में रहकर अध्ययन कर रही एक छात्रा द्वारा तेंदुआ देखे जाने के साथ ही सेवा निकेतन के कुक ने भी तेंदुए की दहाड़ सुनाई देने का दावा किया है। कुक तथा छात्रा के दावे से पुलिस तथा वन विभाग की टीम ने पूरे मामले की पड़ताल की, पर कहीं भी तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हो सकी। रसोइये तथा छात्रा के दावे के बाद आसपास के रहवासियों में दहशत का माहौल है।*

# रायपुर में तेंदुआ आया...मच गया शोर, टीम ने पड़ताल की तो कुछ नहीं मिला, पर इलाके में दहशत अब भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवा निकेतन में काम करने वाली एक नन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि छात्रा मंगलवार तड़के साढ़े छह से सात बजे के बीच वाक के लिए निकली थी। इस दौरान सेवा निकेतन के पीछे की तरफ एक फार्म हाउस की बाउंड्री में छात्रा ने तेंदुआ देखे जाने की जानकारी प्रबंधन को दी। प्रबंधन ने छात्रा के दावे पर ध्यान नहीं दिया। बाद में छात्रा ने जिस जगह तेंदुआ देखे जाने का दावा किया था, उसके पचास मीटर दूर फार्म हाउस के पैरे के ढेर में सेवा निकेतन में कुक का काम करने वाले रसोइये ने किसी जानवर की चलचल देखे जाने के साथ दहाड़ सुनाई देने का ▶▶|शेष पेज 13 पर



## मौके पर कुछ नहीं मिला

रेंजर सतीश मिश्रा, मंदिर हसौद टीआई सचिन सिंह के मुताबिक छेरीखेड़ी में तेंदुआ देखे जाने की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग तथा पुलिस की टीम मौके पर पड़ताल करने पहुंची। पुलिस तथा वन विभाग की टीम को मौके पर किसी तरह से तेंहुआ के आने की पुष्टि नहीं हुई। वन अफसरों ने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया, लेकिन वन विभाग की टीम को कहीं भी तेंदुआ आने की जानकारी नहीं मिली। घटना स्थल के पास एक तालाब है। तेंदुआ अगर आता भी, तो उसके पैरों के निशान मिलते। टीम को मौके पर किसी भी तरह के पैरों के निशान नहीं मिले।

## गूगल का फोटो हो रहा वायरल

तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि करने सोशल मीडिया में तेजी से एक फोटो वायरल की जा रही है। वायरल फोटो में दावा किया जा रहा है, छात्रा ने जो जानवर देखा है, वह कुछ इस तरह से है। तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि के लिए जो फोटो वायरल की जा रही है, वह फोटो टाइगर का है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से साढ़े तीन लाख की चोरी

**रायपुर।** गोबरानवापारा थाने में एक युवती ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से तीन लाख रुपए नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक आरती ध्रुव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आरती ने पुलिस को बताया है कि उनके माता-पिता तथा घर के अन्य सदस्य शादी समारोह में शामिल होने बिहार गए हुए हैं। सोमवार को वह अपने चाचा की लड़की की शादी में शामिल होने गया था। देर रात वापस आने पर उसने देखा कि कोई अज्ञात चोर पीछे की तरफ की दीवाल फांदकर मकान के अंदर दाखिल हो गया और दरवाजे का ताला तोड़ कर कैश तथा जेवर चोरी कर ले गया।

### आधा दर्जन दुकानों के ताले टूटे

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक साथ आधा दर्जन दुकानों के ताले तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रायपुरा महादेव घाट के पास संचालित वेलफेयर ऑनलाइन च्वाइस सेंटर, उससे सटे शिव शंकर स्वीट्स में चोरों ने किसी राड नुमा हथियार से शटर का ताला तोड़ दुकान के अंदर रखे चिल्हर पैसे अपने साथ ले गए। इसी तरह से बदमाशों ने अन्य दुकानों के शटर तोड़ चोरी की।



### मामूली विवाद पर महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाना में मामूली विवाद पर एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली दो महिलाओं के खिलाफ अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोकेश्वर गोस्वामी ने अंजली पाटले, सुमन पाटले के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश्वर ने पुलिस को बताया है कि मामूली विवाद के चलते दोनों महिलाओं ने उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

### प्रापर्टी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ प्रापर्टी विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शत्रुघन चेलक ने धर्मेंद्र तथा सुनील चेलक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शत्रुघन ने पुलिस को बताया है कि धर्मेंद्र, सुनील उसके भतीजा हैं। घरेलू बंटवारे की बात को लेकर धर्मेंद्र तथा सुनील ने अपने चाचा के साथ मारपीट की।

### मामूली विवाद पर स्कूली छात्रों के बीच मारपीट

**रायपुर।** आरंग थाने में सर्वोदय विद्यालय में 11वीं की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने अपने स्कूल के सहपाठी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक 11वीं के छात्र ने अपने सहपाठी के खिलाफ किसी बात को लेकर विवाद करने का आरोप लगाया है। छात्र ने अपने सहपाठी पर बुधवार को शिक्षक के बुलाने का झांसा देकर किसी धारदार वस्तु से पीठ पर हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है।

ट्रेन रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों में बढ़ गए यात्री, 31 तक कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल

# न्यू ईयर में दिल्ली-मुंबई की ट्रेनों में वेटिंग शतक के करीब, ट्रेन रद्द का डर भी सता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से दिल्ली और मुंबई समेत अन्य महानगरों को जाने वाली मुख्य ट्रेनों को रेलवे ने पटरियों के कार्यों से रद्द किया है। ऐसे में यात्रियों को डर है कि कहीं रेलवे नए साल के दौरान ट्रेन रद्द करते हुए प्लान भी कैंसल न कर दे। वर्तमान में नए साल और क्रिसमस के पहले ट्रेनों में वेटिंग ने शतक लगा दिया है। एक महीने पहले ही रायपुर से गुजरने वाली सभी ट्रेनें 31 दिसंबर तक पैक हो गई हैं। रायपुर से हावड़ा की तरफ जाने वाली हावड़ा एक्सप्रेस, नांदेड हावड़ा और आजाद हिंद एक्सप्रेस में क्रिसमस से पहले नो रूम की स्थिति बन जाएगी। करीब दो दर्जन ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। वेटिंग लिस्ट अधिक होने की वजह से जरूरतमंदों का टिकट कन्फर्म नहीं हो पा रहा है। इससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि वेटिंग को कम करने के लिए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए।



### ट्रेनों के रद्द होने से बढ़ी वेटिंग

ट्रेनों में अधिक वोटिंग होने का प्रमुख कारण ट्रेनों का लगातार रद्द होना भी है। वर्तमान में लोग उन्हीं ट्रेनों का टिकट खरीद रहे हैं, जिसे रेलवे रद्द नहीं करता। यही कारण है कि दुरंतो एक्सप्रेस, गोंडवाना, गीतांजलि के साथ दिल्ली जाने वाली प्रीमियम ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस में वेटिंग 80 से अधिक पहुंच गई। नए साल में अभी 25 दिन बचे हुए हैं, लेकिन सभी ट्रेनों में बुकिंग क्रिसमस से पहले ही फुल हो जाएगी।

### 23 दिसंबर को गोडवाना और छत्तीसगढ़ में 100 के करीब

क्रिसमस पर दिल्ली, मुंबई और राजस्थान जाने वाली ट्रेनें भी फुल हैं। 23 दिसंबर को गोडवाना एक्सप्रेस में सभी कोच को मिलाए तो वेटिंग 80 से अधिक है। इस ट्रेन की सभी श्रेणियों में लंबी वेटिंग लिस्ट भी 70 से 100 के बीच है। इसी तरह छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भी स्लीपर कोच फुल हो चुका है। 66 वेटिंग है। राजस्थान जाने वाली ट्रेनों में जगह नहीं है। ज्यादातर नए साल का जश्न मनाने दिल्ली और मुंबई जा रहे हैं। इस वजह मुंबई रूट की ट्रेनों में अभी से सीटें फुल हो चुकी हैं। मुंबई के लिए 23 और 30 दिसंबर को 4 ट्रेनों में वेटिंग 80 से अधिक पहुंच गई है।

### इन ट्रेनों में मारामारी, वेटिंग के हालात

कोरबा-कोच्चुवेली एक्सप्रेस, दुर्ग-निजामुद्दीन, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, कोरबा-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, भगत की कोठी, बिलासपुर-भोपाल, मुंबई-हावड़ा मेल, संपर्क क्रांति, बिलासपुर-एर्नाकुलम, राजधानी एक्सप्रेस, बेतवा एक्सप्रेस, गोंडवाना, हमसफर, छत्तीसगढ़, समता एक्सप्रेस, सारनाथ, साउथ बिहार एक्सप्रेस, गरीब रथ आदि एक्सप्रेस ट्रेनों में अभी से लेकर नए साल तक वेटिंग है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में वेटिंग और बढ़ने की संभावना है।

### 4 दिन 9 लोकल मेमू ट्रेन रहेगी रद्द, रायपुर से कोरबा, बिलासपुर और जूनागढ़ की ट्रेन प्रभावित

रेलवे प्रशासन अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंध-तिल्दा नेवरा सेक्शन में रिलीविंग गर्डर की डी-लॉन्चिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के लिए 6 दिसंबर को रात्रि 22:00 बजे से 7 दिसंबर 2:00 तक 4 घंटे का ब्लॉक अप लाइन में और 3 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक मिडिल लाइन में लिया जाएगा। इसके अलावा 9 दिसंबर को 1:00 बजे से 4:30 बजे तक 3 घंटे 30 मिनट का डाउन लाइन में ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण 9 ट्रेनों को रद्द किया गया है।

**यह ट्रेन रहेगी रद्द**

- 06 व 09 दिसंबर को गाडी संख्या 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द
- 06 दिसंबर को गाडी संख्या 08727 बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द
- 07 दिसंबर को गाडी संख्या 08261 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द
- 07 दिसंबर को गाडी संख्या 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर रद्द
- 08 दिसंबर को गाडी संख्या 08276 जूनागढ़- रायपुर रोड पैसेंजर रद्द

▶▶|शेष पेज 13 पर

# बेहद कम हो चुकी ठंड में चार दिन बढ़ोतरी के आसार, फिर बादल-बारिश

- शुष्क हवा का आगमन प्रारंभ, उत्तरी हिस्से में ज्यादा असर
- खाड़ी से नमी, बस्तर और मध्य हिस्से में कम रहेगा प्रभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में छह डिग्री अधिक हो चुके रात के तापमान में अगले तीन दिनों में गिरावट आने की वजह से ठंड में बढ़ोतरी के आसार हैं। शुष्क हवा के आगमन से उत्तरी इलाके में ठंड का असर अधिक होगा। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बस्तर तथा मध्य इलाके में तापमान में कम गिरावट आएगी। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार आठ दिसंबर से आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल-बारिश का दौर शुरू होगा। पहले बस्तर में फिर दो दिन तक मध्य हिस्से में हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम में बदलाव होने की वजह से तापमान में उस अवधि में फिर से वृद्धि होगी। अभी राज्य में सरगुजा संभाग में उत्तर की शुष्क हवा का प्रवेश हो रहा है, वहां बस्तर के हिस्से में पूर्व की नमीयुक्त हवा आ रही है। नमी के प्रभाव से मध्य और दक्षिण में ठंड का ज्यादा प्रभाव नहीं होगा, मगर उत्तर में ठंड का अगले चार दिन प्रभाव ज्यादा महसूस होगा। अनुमान है कि सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में पांच से छह डिग्री, मध्य भाग में तीन से चार डिग्री तथा बस्तर संभाग के जिलों में एक से दो डिग्री तक गिरावट होने के आसार हैं।

**ऐसा रहा रात का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 20.9 | +6 |
| बिलासपुर | 18.8 | +4.8 |
| पेंड्रा | 13.4 | +1.8 |
| अंबिकापुर | 12.2 | +2.6 |
| जगदलपुर | 21.3 | +8.7 |
| दुर्ग | 19.42 | +4.4 |

# ठेका प्रथा खत्म करने एकजुट हुए निगम के ड्राइवर-सफाई कर्मी, सफाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सहित प्रदेशभर के नगर निकायों में प्लेसमेंट के तहत काम कर रहे ड्राइवर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके कारण शहरों की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से ठप पड़ गई है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले हड़ताल कर रहे ड्राइवरों का बुधवार को दूसरा दिन है। इस दिन संघ के पदाधिकारियों द्वारा अब नगर निगम के नियमित सफाई कर्मियों से भी समर्थन मांगा जा रहा है। राजधानी में निगम के कई जोन क्षेत्रों के सफाई कर्मियों ने महासंघ को अपना समर्थन देकर हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे शहर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मांगों पर विचार चल रहा

शासन स्तर पर मांगों पर विचार चल रहा है। प्लेसमेंट सफाई ड्राइवरों के समर्थन में निगम के कई सफाई कर्मचारी भी समर्थन देकर हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन इससे सफाई का काम पूरी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है। वार्डों में सफाई का काम अभी भी चल रहा है।

- **राजेंद्र गुप्ता**,अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### प्रदेशभर में 20 हजार से ज्यादा ड्राइवर हड़ताल पर

प्रदेशभर के नगरीय निकायों में प्लेसमेंट के तहत 20 हजार से अधिक ड्राइवर कर्मचारी कार्यरत है। रायपुर में भी एक हजार से अधिक ड्राइवर है, वहीं निगम के सफाई कर्मियों का समर्थन मिलने के बाद इनकी संख्या और ज्यादा हो गई है। एक साथ सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से रायपुर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

### घर-घर नहीं पहुंच रही कचरा गाड़ी

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से अब घर-घर कचरा लेने के लिए गाड़ी भी नहीं पहुंच रही है। रायपुर के कई वार्डों में घर-घर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी ही नहीं पहुंची, जिसके कारण लोग अब घरों का कचरा नुक्कड़, खाली प्लाट से लेकर नाली-नालों में फेकने लगे हैं।

आनलाइन अपाइंटमेंट का प्रावधान

# उपपंजीयकों में कार्य विभाजन से अब रजिस्ट्री हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस प्रणाली के माध्यम से सुचारू रूप से पंजीयन का कार्य हो रहा है। पक्षकारों की सुविधा के दृष्टिकोण से रजिस्ट्री के लिए आनलाइन अपाइंटमेंट का प्रावधान किया गया है। पक्षकार पहले एनजीडीआरएस की साइट में जाकर अवलोकन कर स्लॉट की रिक्तिता, पूर्णता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद पंजीयन के लिए अपनी सुविधा अनुसार स्लॉट बुक कर सकते हैं। पंजीयन के लिए ऑनलाइन अपाइंटमेंट की इस व्यवस्था ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सुगम एप से फोटो ट्रांसफर करना जरूरी

अधिकारियों ने बताया कि ऐसी संपत्ति जिसका अंतरण किया जा रहा हो उन सभी का सुगम ऐप के माध्यम से फोटो अपलोड किये जाने का निर्देश है। बहुमंजिला आवासीय परिसर, व्यवसायिक परिसर, आबादी भूमि पर स्थित संपति आदि का विक्रय होने पर पक्षकारों के मध्य ऐसी संपति का अंतरण होता है, इसलिये शासन के निर्देशानुसार ▶▶|शेष पेज 13 पर

# रात जाग कर काटी, सुबह होते ही श्रम विभाग के सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल आश्वासन पर आंदोलन स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेंशन राशि में वृद्धि करने सहित 6 सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिए मंगलवार से राजधानी रायपुर में प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगों ने अपना आंदोलन आगामी 8 दिसंबर तक स्थगित कर दिया है। 9 दिसंबर को उनके संघ का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री या फिर संबंधित विभाग के मंत्री से मुलाकात करेगा। इस मुलाकात के बाद भी उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो 10 दिसंबर से पुनः रायपुर में प्रदेशभर के दिव्यांग एकत्र होकर आंदोलन करेंगे।

### आश्वासन मिलने के बाद स्थगित किया आंदोलन

दिव्यांग सेवा संघ के उपाध्यक्ष राधाकृष्ण गोपाल ने बताया कि प्रशासन की सख्ती के कारण संघ के सदस्यों को ठंड भरी रात बिना किसी सुविधा व व्यवस्था के खुले आसमान के नीचे काटनी पड़ी। ठंड के कारण रातभर संघ के सदस्य सो नहीं पाए। सुबह होते ही ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मंदिर परिसर में खाना बनाकर मिटाई दिनभर की भूख

*अपनी मांगें मनवाने के लिए प्रदेशभर से दिव्यांग यहां पहुंचे थे। इन दिव्यांगों को प्रदर्शन करने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा साहू भवन में सुबह से देर रात तक कैद करके रखा गया था। इसके बाद जब आजाद किया, तो इन दिव्यांगों के पास न ही ठहरने की जगह थी और न ही भूख मिटाने के लिए कोई व्यवस्था थी। इस कारण दिव्यांगों को साहू भवन के बाहर एवं हरदेवलाल* ▶▶|शेष पेज 13 पर

धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा से धर्मांतरण को बढ़ावा मिलेगा

*राजधानी के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शंकराचार्य*

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- वर्ण और आश्रम से हमारी पहचान, तो कैसे बन सकता है हिंदू राष्ट्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा को लेकर कहा, कोई पद यात्रा करे, उसका स्वागत करते हैं, लेकिन वो कहते हैं जात-पात की करो विदाई ये ठीक नहीं है। वर्ण और आश्रम से हमारी पहचान है, तो कैसे हिन्दू राष्ट्र बन सकता है। ऐसा हिन्दू राष्ट्र जिसमें वर्ण आश्रम नहीं होगा, वो खतरनाक होगा। धर्मांतरण पर बस्तर में धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा को लेकर तंज कसते हुए कहा, इस यात्रा से धर्मांतरण को बढ़ावा मिलेगा। हम कह रहे हैं कि यात्रा ना करें। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है। हम हिंदुओं को इसकी चिंता है। अगर वहां से लोग आ रहे हैं, तो उन्हें भारत में शरण दी जाये। भारत हिंदुओं की एकमात्र भूमि है, लेकिन पिछले दिन ये घटना हुई कि बीएसएफ के जवानों ने उन्हें भगा दिया था। हमने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखा था कि उन्हें आने दिया जाये। आज वो विषय बढ़ता चला जा रहा है। हम इतनी बड़ी संख्या में होने के बावजूद कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदर्शन में भाजपा के समर्थन पर कहा, जब हम सत्ता में ही हैं, तो प्रदर्शन की क्या जरूरत है। राजनीतिक लाभ लेना चाह रहे हैं। इनका कहना था, एक भी हिन्दू को छुआ तो कई उदाहरण ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बंटोगे तो कटोगे का नारा गलत

बंटोगे तो कटोगे पर उन्होंने कहा, इतने साल से चुनाव हो रहे हैं, ये नारा 2024 में क्यों दिया जा रहा है। क्या इससे पहले हम सेफ नहीं थे। किसने हमको काटा। अभी तक ये कहना चाहते हैं हमको वोट नहीं दिया कहीं और दिया तो काट दिए जाएंगे। आप धमका क्यों रहे हो, कोई कुछ नई बोल रहा है, ये नारा गलत है।

### महाराष्ट्र में मिली बड़ी जीत में गोमाता का आशीर्वाद

*राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के संबल दौरे पर कहा, किस लिए जा रहे हैं, वो पूछना पड़ेगा, केवल राजनीति चमकाना है। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री चुने जाने पर कहा, महाराष्ट्र में शिंदे सरकार थी, तो उन्होंने हमारी गो माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग को पूरा किया था। इतनी बड़ी जीत उनकी हुई गो माता का ही आशीर्वाद है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हिचक रहे हैं। आगे चुनाव इनका भी है, कुछ भी हो सकता है।*

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# नगरीय निकायों में 15 हजार नए आवास स्वीकृत, सभी शहर शामिल

## केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए 15 हजार नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 15 हजार नए आवासों की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने नए आवासों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने शहरों के लिए 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति पर केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, राज्य में जल्दी ही हर गरीब के पक्के मकान का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवासों का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेगी।

### केंद्र सरकार ने राज्य को भेजा पत्र

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत 15 हजार नवीन आवासों की सैद्धांतिक स्वीकृति का पत्र प्रेषित किया है। पत्र में केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मार्च-2025 तक 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति के साथ ही इन नए आवासों को मंजूरी प्रदान करने के पीछे राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के त्वरित क्रियान्वयन का भी उल्लेख है।




### इन वर्ग के लोगों को मिलेगा

भारत सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का क्रियान्वयन 1 सितम्बर 2024 से प्रारंभ किया गया है। इसके तहत कमजोर आय वर्गों, निम्न आय वर्गों और मध्यम आय वर्गों के शहरी गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को किफायती दरों पर आवास निर्माण, खरीदी या किराए पर उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य में योजना को सभी नगरीय निकायों में लागू करते हुए भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर हितग्राही सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वेक्षण के दौरान हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जा रही है।

### दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदन तत्काल निरस्त न करें : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए आवासों की स्वीकृति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सरकार हर पात्र परिवार को आवास दिलाने प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। श्री साव ने वर्तमान में चल रहे हितग्राही सर्वेक्षण के दौरान अनिवार्य दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदनों को तत्काल निरस्त नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, दस्तावेजों की पूर्ति के लिए संबंधित परिवारों को पर्याप्त समय देने के साथ ही नगरीय निकायों को राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने मदद करें।

## खबर संक्षेप



### नड्डा और गडकरी से मिले चंद्राकर

**रायपुर।** पूर्व मंत्री, विधायक, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भेंट की। श्री गडकरी से मुलाकात में कुरुद विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कुरुद में एकरेखन फीडर रूट कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया। श्री चंद्राकर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान कुरुद विधानसभा के ग्राम उमरदा में 84.10 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया। साथ ही वर्चुअल कंसल्टेशन और डायग्नोस्टिक लैब की सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी उपस्थित रहे।

### फडणवीस के शपथ में शामिल होंगे साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार शाम दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे।



श्री साय केंद्रीय नेताओं से मुलाकात भी करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। बताया जाता है कि सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। दिल्ली में वे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होंगे। फिर वे दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना होंगे, जहां महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुंबई में रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को सुबह मुंबई से रवाना होकर सुबह 9.30 बजे रायपुर लौटेंगे।

### आज होने वाला जनदर्शन स्थगित

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 5 दिसम्बर गुरुवार को प्रस्तावित जनदर्शन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है।

### सीएम ने विश्व मृदा दिवस दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा, विश्व मृदा दिवस एक ऐसा अवसर है जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में मिट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की उर्वर धरती की फसल उत्पादन और कृषकों की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान है। हम सब साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हमारी उर्वर धरती आने वाली पीढ़ियों के लिए उपजाऊ और जीवंत बनी रहे।

## 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई

# दिल्ली जाने से पहले सीएम साय-डिप्टी सीएम ने की नक्सलवाद की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से गुरुवार को नक्सल मामले में चर्चा से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस मुख्यालय में नक्सल अभियान की समीक्षा की। बुधवार को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नक्सल समस्या पर समीक्षा में नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयासों के मूल्यांकन और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सुरक्षा ग्रिड का विस्तार, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नए कैंप स्थापित, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और आवास संबंधी योजनाएं तथा ज्वाइंट एक्शन प्लान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

■ अभियान के तहत आगे की रणनीति पर की गई चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा, हमें उसी दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार करनी है। उन्होंने कहा, नक्सल आत्मसमर्पण के लिए जनजागरूकता अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। बस्तर क्षेत्र के लोग अब नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की ओर बढ़ना चाहते हैं, जिसकी झलक हाल ही में संपन्न बस्तर ओलिंपिक में भी दिखी। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुवा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, विवेकानन्द सिन्हा, अमित कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव गृह नेहा चम्पावत, हिमशिखर गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### नक्सल पीड़ित परिवारों को शीघ्र मिलेंगे 15,000 मकान

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 मकानों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सलवाद मुक्त होगा। सरकार की प्राथमिकता स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने और विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करने की है।

### नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने की आवश्यकता : शर्मा

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सिविल सोसाइटी को अभियान से जोड़ने और नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए किए जा रहे प्रयासों को तेज करने पर बल दिया। श्री शर्मा ने नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरसंभव उपाय किए जाएंगे।



## सीएम बोले- साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती, इसे रोकने जागरूकता और तकनीकी दक्षता जरूरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने साइबर अपराध की चुनौतियों और उससे निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है और इसे रोकने के लिए जागरूकता और तकनीकी दक्षता का होना अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें साइबर भवन का उद्घाटन एक अहम पहल है। मुख्यमंत्री ने अक्टूबर माह में प्रदेश में आयोजित 410 जनजागरूकता कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिसके माध्यम से 23 लाख लोगों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाई गई। उन्होंने कहा, जनजागरूकता अभियान साइबर अपराध रोकने का सबसे महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, हमारे पुलिस अधिकारियों ने क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है। यह साबित करता है कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपराधियों को ट्रैक करने में पूरी तरह सक्षम है।

### आईआईटी और आईआईएम का अनुबंध होगा मील का पत्थर

उन्होंने तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, आईआईटी भिलाई और आईआईएम रायपुर के साथ हुए अनुबंध साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए एक मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को लेकर यूनिसेफ द्वारा बनाए गए ऑनलाइन मॉड्यूल की प्रशंसा की।

### 8 बैंकों के साथ एमओयू

कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए 8 बैंकों के साथ एमओयू साइन किया गया, जिसके तहत पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग द्वारा निर्मित समाधान मोबाइल ऐप और सशक्त मोबाइल ऐप को लांच किया।

## अटल परिसर बनाने के लिए पालिका को 30 लाख, नगर पंचायतों को 20 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण करने के लिए राज्य सरकार ने निकायों को राशि की मंजूरी दी है। नगर पालिकाओं को 30 लाख और नगर पंचायतों को 20 लाख रुपए निर्माण के लिए जारी कर दिए गए हैं। नगर निगमों में अटल परिसर बनाने के लिए 50 लाख रुपयों की प्राविधिक स्वीकृति दी गई है। लेकिन राशि अभी जारी नहीं की गई है।

### लागू होंगी ये शर्तें

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति के साथ ही कुछ शर्तें भी लागू की गई हैं। कहा गया है कि समय समय पर शासन, संचालनालय द्वारा जारी आदेश का पालन करते हुए समस्त अनुषांगिक स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होंी अन्यथा इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। छग वर्क्स डिपार्टमेंट मैन्युअल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। बिना सक्षम अनुमति के कोई भी सारवान परिवर्तन विभक्तिकरण न किया जाए। इन नए कार्य के लिए स्वच्छ निविदा आमंत्रित करने के पहले पूर्व निविदा का प्रारूप का अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया जाए। अन्यथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निर्माण कार्य के लिए समस्त नॉन एसओआर आयटम्स कि निविदा, सामाग्री क्रय के पूर्व सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति तकनीकी स्पेसीफिकेशन व दर का विश्लेषणमय अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। स्वीकृत कार्य निकाय के आधिपत्य भूमि पर ही निर्माण करवाया जाए। निजी भूमि, स्वामित्व संबंधी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य न करवाया जाए। कार्यादेश के पहले स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि भूमि में किसी प्रकार का विवाद नहीं है।

## मतदाताओं से कहा- धन्यवाद

# विधायक सोनी ने वार्डों में निकाली आभार रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर दक्षिण के नवनिर्वाचित विधायक सुनील कुमार सोनी दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न वार्डों एवं गली मोहल्लों में आम मतदाताओं-कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने निकले। उन्होंने इस दौरान लोगों का आमजनों का अभिवादन किया और बुजुर्गजनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

उपचुनाव में भाजपा की प्रचण्ड जीत के लिये मतदाताओं को धन्यवाद दिया तथा आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा, भाजपा ने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था और प्रचण्ड मतों से जीत हासिल हुई। केन्द्र की मोदी और प्रदेश की साय सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायेंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने विकास किया है और विकास करेंगें। उन्होंने कहा, मैं और अजेय योद्धा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ मिलकर रायपुर दक्षिण के विकास के रथ को और तीव्र गति से आगे बढ़ायेंगे। आभार रैली भाजपा पुरानी बस्ती मंडल के महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड तथा विपिन बिहारी सूर वार्ड से होकर निकली।

### जोन 3 में सफाई बदतर, युवा कांग्रेस पहुंचा निगम दफ्तर

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधानसभा युवक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में युवक कांग्रेसियों के एक दल ने रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे से भेंट कर शक्ति नगर स्थित नाले की सफाई की मांग की। ज्ञात हो कि नाला कचरे से जाम होने से लोगों को मच्छर का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हैं। युवा कांग्रेस का एक समूह जोन क्रमांक 3 में शक्ति नगर नाले की सफाई की मांग को लेकर गया था। जोन कमिश्नर ने आश्वासन दिया है, अगर फिर भी साफ नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस आंदोलन शुरू करेगी।

## बिजली के दाम में बढ़ोतरी और कटौती जनता पर अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है और ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। अभी तक सरकार ने एक साल में 17.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिये हैं। यह जनता पर अत्याचार है।



प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। पिछले 11 माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं। पिछले माह के बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से बिल के साथ 30 प्रतिशत अतिरिक्त राशि वसूला गया था। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है।

स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था।

# साढ़े 5 लाख किसानों ने अब तक बेचा 26 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 26.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

राज्य में अब तक 5.49 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 5994 करोड़ 82 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेग। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।



खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 4 दिसम्बर को 58468 किसानों से 2.67 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 66453 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 44349 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

## रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा की पत्रकार वार्ता

# 22 वार्ड में 22 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल का एक साल कल पूरा होने पर जनता जनार्दन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है। उन्होंने दावा किया कि अपनी विधानसभा में उन्होंने एक साल में 22 वार्ड में 22 करोड़ का विकास कार्य कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया और सभी वर्गों के चेहरे पर खुशियां बिखेरी हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है देवेन्द्र नगर-मण्डी गेट-कांपा मार्ग वाल्टेयर रेलवे लाईन पर 3870 लाख की लागत का अंडरब्रिज का निर्माण कार्य, पंडरी-मोवा मार्ग पर प्रस्तावित 1300 लाख का फ्लाई ओवर निर्माण कार्य, शंकर नगर चौक पर लोधीपारा से कचना मार्ग पर टर्निंग प्वाईंट के पास 7200 लाख की लागत का ग्रेड सेपरेटर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। इन सभी कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। विधायक श्री मिश्रा ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि भगवान जगतनाथ के आर्शीवाद से मैंने 1121 लाख की राशि से सभी 22 वार्डों में विकास कार्य कराए, इनमें सीसी रोड़, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मंदिरों के जीर्णोद्धार, शासकीय स्कूलों के जीर्णोद्धार एवं उनके आवश्यकता के अनुसार फर्नीचर, कम्प्यूटर, आलमारी एवं अन्य उपकरण की आपूर्ति तथा विभिन्न उद्यानों के सौंदर्यीकरण के मद में विकास कार्य किया गया है।



### अगले चार साल के प्रमुख प्रोजेक्ट

रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने आगे कहा कि अगले चार साल उन्होंने बड़े प्रोजेक्टस पर फोकस किया है, इनमें अवंति विहार में दिव्यांग पार्क, पंडरी मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग उपयोग के लिए नई योजना, तेलीबांधा से कचना फाटक तक एक बाई पास सड़क, डब्ल्यूआरएस से मंदिर हसौद, छेरीखेरी तक बाई पास अप्रोच रोड़, कृषि उपज मंडी के पास से नया अंडर ब्रिज योजना निर्माण करने की योजना है।

### 22 वार्डों में 22 करोड़ का विकास कार्य

वीरांगना अवंति बाई वार्ड 66.65 लाख, मोतीलाल नेहरू वार्ड में 35 लाख, कालीमाता वार्ड में 52 लाख, महात्मा गांधी वार्ड में 67 लाख, राजीव गांधी वार्ड में 78 लाख, रमण मंदिर वार्ड में 27 लाख, इंदिरा गांधी वार्ड 36 लाख, शहीद हेमू कालाणी वार्ड में 142 लाख, गुरू गोविंद सिंह वार्ड में 68 लाख, शंकर नगर वार्ड में 102 लाख, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड 148 लाख, शहीद वीरनारायण सिंह में 104 लाख, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 34 लाख, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड 140 लाख, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में 35 लाख, तात्यापारा वार्ड में 10 लाख, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में 02 लाख, मदर टेरेसा वार्ड में 129 लाख तथा गुरु घासी दास वार्ड में 25 लाख का विकास कार्य करवाने की पहल की है।

## खबर संक्षेप



### हरिभूमि कार्यालय में प्रेम का किया सम्मान

रायपुर। हरिभूमि कार्यालय में बुधवार को 'हरिभूमि' के अभिकर्ता प्रेम साहू (प्रेम-प्रेरणा न्यूज एजेंसी) का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें रायपुर शहर में अखबार वृद्धि योजना में सफलतापूर्वक योगदान दिए जाने के लिए दिया गया। इस अवसर पर हरिभूमि ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बीडीएस स्ट्रे राउंड एडमिशन आज

रायपुर। बीडीएस की खाली बची सीटों पर एडमिशन के लिए स्पेशल स्ट्रे-2 राउंड के लिए 31 लोगों की आवंटन सूची जारी की गई है। निजी मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए उन्हें गुरुवार का वक्त दिया गया है। प्रवेश की तारीख बढ़ाने की वजह से निजी डेंटल कालेजों की सीटों पर प्रवेश के लिए लगातार काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। अनुमान है कि प्रवेश की इस प्रक्रिया के बाद बीडीएस की अधिकांश खाली सीटों पर एडमिशन पूरा हो जाएगा।

## निधन

### दिनेश कुमार उपाध्याय



रायपुर। ऐश्वर्या रेसीडेंसी निवासी आईएफएस अधिकारी दिनेश कुमार उपाध्याय सारंगढ़ वाले (60) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे मणिमंजिरी के पति और श्रेया, अभिजित के पिता थे।

### कमला देवी गुप्ता



रायपुर। रायपुर निवासी कमला देवी गुप्ता (95) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे नरमचंद, लालचंद, शिवचंद अग्रहरि की माता थीं।

### शरन यादव



रायपुर। श्याम नगर यादव पारा निवासी शरन यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे गणेश यादव के पुत्र थे। उनके निधन पर समस्त मोहल्लेवासी और यादव समाज द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

# नल कनेक्शन से 24 घंटे पानी की सुविधा, पहले चरण में मोतीबाग पानी टंकी से होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से 24 घंटे पानी की सुविधा मिलना जल्द शुरू हो जाएगी। पहले चरण में मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया क्षेत्र से इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर के एमडी अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को इस क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वे क्षेत्र के कई रहवासियों से मिले और उन्हें नल कनेक्शन से 24 घंटे पानी की सुविधा का सही इस्तेमाल करने के साथ व्यर्थ पानी खर्च नहीं करने की अपील की। इसके लिए उन्होंने घर के बाहर नल कनेक्शन के नॉब को उपयोग न होने की स्थिति में बंद रखने की अपील की।

## सुबह व शाम ट्रायल के रूप में पानी की सुविधा दी जाएगी

### दूसरे चरण में 11 वार्डों को जोड़ा जाएगा

दूसरे चरण में गंज कमाण्ड एरिया के 5 और मोती बाग कमांड एरिया के शेष 6 वार्ड को इस योजना से जोड़कर जलापूर्ति की जाएगी। इस तरह प्रथम चरण में मोती बाग से जुड़े चार डीएमए में 24 घंटे और शेष 6 डीएमए में अभी सामान्य जल आपूर्ति होगी।

### टुल्लू पंप लगाने से मीटर का कंट्रोल वाल्व बंद हो जाएगा

जिस घर में फ्लो मीटर लगा है, उस घर के लोगों को टुल्लू पंप नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी जा रही है। निगम अधिकारियों के अनुसार फ्लो मीटर लगने के बाद अब टुल्लू पंप लगाया जाता है, तो फ्लो मीटर का कंट्रोल वाल्व ऑटोमेटिक बंद हो जाएगा, जिससे पानी की सप्लाई भी बंद हो जाएगी।



### फ्लो मीटर से जलापूर्ति की निगरानी

इस योजना के तहत घर-घर इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर लगाए गए हैं, जिससे न केवल प्रवाहित किए जा रहे जलापूर्ति की निगरानी होगी, बल्कि अवैध नल कनेक्शन खींचना या टुल्लू पंप से अधिक पानी खींचना भी संभव नहीं होगा, क्योंकि टुल्लू पंप लगाने से पानी की मात्रा में वृद्धि नहीं होगी एवं घरों पर लगे फ्लो वाल्व से निर्धारित 5 लीटर प्रति मिनट के मान से ही जलापूर्ति होगी।

### फ्लो मीटर से 24 घंटे मिलेगी पानी की सुविधा

स्मार्ट सिटी की योजना के तहत घर-घर 24 घंटे पानी की सुविधा देने की शुरुआत मोतीबाग पानी टंकी से की जा रही है। पहले चरण में 4 वार्डों में पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी। इसके लिए आज से 4 दिन तक ट्रायल किया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, एमडी, स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर*

### पहले चरण में 5 हजार घरों में मिलेगी सुविधा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 159 करोड़ रुपए की लागत से एबीडी एरिया में 24 घंटे जलापूर्ति की तैयारी अंतिम चरण में है। इस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह के अंत में की जाएगी है। इसके तहत मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया के 4 वार्ड ब्राम्हणपारा, कालीबाड़ी, सिविल लाइंस, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के करीब 5 हजार घरों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति शुरू होगी। इसके लिए गुरुवार से चार दिन तक इन चारों वार्ड में सुबह व शाम ट्रायल के रूप में पानी की सुविधा दी जाएगी।

## बदमाशों ने जिले में 25 चोरी की घटना को दिया अंजाम

# घूम-घूमकर चोरी, गैंती गैंग के 11 शातिर गिरफ्तार चोरी का माल खपाने और खरीदने वाले भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के रायपुर सहित दुर्ग, महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर में घूम-घूमकर चोरी करने वाला एक नया चोर गिरोह सक्रिय है।

■ रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, अंबिकापुर, राजिम में 50 से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है गैंग

क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी करने वाले इस गैंग से जुड़े आठ तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में तीन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी करने के लिए ताला तोड़ने गैंती का उपयोग करते हैं। इसीलिए पुलिस ने इसे गैंती गैंग नाम दिया है। गैंती गैंग का सरगना बिलासपुर का शातिर चोर सृजन शर्मा उर्फ स्वराज है। गैंती गैंग को सृजन शर्मा ऑपरेट कर रहा था।

मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि चोरी के आरोप में बिलासपुर, सरकंडा निवासी सृजन शर्मा, मुंगेली निवासी उमेश उपाध्याय तथा सफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। माल खपाने के आरोप में मुंगेली निवासी हर्ष कुमार बंजारे उर्फ गोविंदा, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, बिलासपुर, कोटा निवासी मेवा लाल कश्यप, तखतपुर निवासी हेमंत कश्यप, बिलासपुर निवासी कमलजीत कश्यप उर्फ जीतू तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में बिलासपुर निवासी जय कुमार सोनी, तखतपुर निवासी राजेश कुमार सोनी तथा रायपुर, बिरगांव निवासी भूषण कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने जिले के विधानसभा, मंदिर हसौद, मुजगहन तथा तिल्दा नेवरा में 25 चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### 35 लाख से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से चोरी के 35 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। जब्त जेवर में 316 ग्राम सोने तथा तीन किलो चांदी, चोरी की दो दोपहिया तथा पांच मोबाइल जब्त किया गया है। चोरी का माल खपाने वालों ने ज्वलर्स को चोरी का माल औने-पौने दाम में बेच दिया था। इनमें से ज्यादातर माल को खपाने वालों ने गलाने के बाद ज्वेलर्स के पास बेचने का काम किया था।



### गिरोह का भंडाफोड़ मिलेगा इनाम

शातिर गैंती गैंग का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने 50 हजार तथा एसएसपी डा. संतोष सिंह ने 20 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। गैंग में शामिल बदमाशों द्वारा रायपुर जिले में ही 50 से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की पुलिस को आशंका है। पूछताछ में गैंग के बदमाशों ने और किन-किन जगहों में चोरी की है, इसका खुलासा होगा।

### सृजन का फूटेज आने पर फूटा गिरोह

पुलिस के अनुसार शहर के आउटर में लगातार हो रही चोरियों को लेकर सीसीटीवी फूटेज एकत्रित कर पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सृजन का महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिला। पतासाजी करने पर सृजन के बिलासपुर का शातिर चोर होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने सृजन के दो अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी एकत्रित कर उनके लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### फाइनेंस कंपनी को नोटिस

पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोपी ज्वेलर्स के पास चोरी के जेवर बेचने के साथ अलग-अलग फाइनेंस कंपनी में जेवर गिरवी रख कर पैसे लिए हैं। पुलिस ऐसी फाइनेंस कंपनियों को बगैर किसी बिल के जेवर गिरवी रखने के आरोप में नोटिस देने की बात कह रही है।

### मकान किराए पर लेकर करते थे रैकी

पुलिस के अनुसार शातिर किसी शहर में चोरी करने जाते थे, वहां महफूज ठिकाना तलाश करने किराए पर मकान लेकर फेरी लगाने का काम करने के साथ अन्य छोटा-मोटा व्यवसाय कर रैकी करते थे। पुलिस के अनुसार गैंग के बदमाश किसी भी जगह चोरी करने जाते थे, वहां पूरी तरह से सावधानी बरतते थे। चोर गिरोह को मॉनिटरिंग करने का काम सृजन शर्मा करता था। सृजन तय करता था, कब किस इलाके में चोरी करना है।

# कार्रवाई के बाद भी बेलगाम चाकूबाज, नशे की हालत में की तीन जगह चाकूबाजी

■ बदमाशों ने पंडरी बसस्टैंड, फाफाडीह तथा मोवा शराब दुकान के पास की चाकूबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, एसएसपी ने विशेष तौर पर चाकूबाजी करने वाले बदमाशों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं, बावजूद इसके वे पुलिस की सख्ती को धता बताते हुए अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को चार बदमाशों ने देवेंद्र नगर तथा पंडरी थाना क्षेत्र की तीन शराब दुकानों में चार लोगों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है, बदमाशों ने जिन लोगों पर चाकू से हमला किया, उनसे बदमाशों ने लूटपाट भी की है। घटना के बाद देवेंद्र नगर तथा पंडरी पुलिस ने अभियान चलाकर चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी करने के आरोप में जय बेहरा, वंश पाठक, सागर दास मानिकपुरी तथा करण सागर को पकड़ा गया है।

### शराब पीने पैसे वसूलने जानबूझकर उलझ रहे थे

जानकारी के मुताबिक बदमाश पहले से शराब के नशे में टुन्न थे। शराब पीने और पैसों की व्यवस्था करने बदमाशों ने अपने साथ चाकू लेकर पंडरी, फाफाडीह तथा मोवा शराब दुकान में शराब कर्मियों से पहले शराब की मांग की। दुकान कर्मियों द्वारा शराब नहीं देने पर बदमाश शराब खरीदने गए लोगों के साथ जानबूझकर उलझने लगे और जो लोग बदमाशों से उलझे, उनके साथ मारपीट कर उन पर चाकू से हमला कर जेब में रखे पैसे लूटकर मौके से फरार हो जाते थे।

पुलिस के अनुसार घटना के समय बदमाश नशे में धुत्त थे और शराब दुकान जाकर लोगों के साथ जबरन उलझने के साथ उनके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो जाते थे। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने बदमाशों की पतासाजी की और दूसरे दिन बुधवार को चारों बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

## पेज 09 के शेष ...

### रायपुर में तेंदुआ ....

दावा किया। छात्रा के बाद कुक के दावे को सेवा निकेतन प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए घटना की जानकारी पुलिस के साथ वन विभाग के अफसरों को दी। **तेंदुआ आने की इसलिए संभावना** : गौरतलब है कि तेंदुआ किसी छोटे मोटे जीव का शिकार कर अपना पेट भर लेता है। छेरीखेड़ी मंदिर हसौद से सटा हुआ है। क्षेत्र में तेंदुआ आने की इसलिए संभावना है, क्योंकि कई बार तेंदुआ मालगाड़ी की खाली बोगी में सवार होकर आ जाता है। देवेंद्र नगर स्थित टिंबर यार्ड तथा डब्लूआरएस कालोनी में इसी तरह से तेंदुआ मालगाड़ी की खाली बोगी में सवार होकर पहुंच गया था। सेवा निकेतन के पीछे की तरफ के हिस्से में घनी झाड़ियां हैं। तेंदुआ घनी झाड़ियों की आड़ लेकर भी पहुंच सकता है।

### इन ट्रेनों में ....

■ 08 दिसंबर को गाडी संख्या 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द ■ 09 दिसंबर को गाडी संख्या 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू रद्द ■ 09 दिसंबर को गाडी संख्या 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू रद्द ■ 09 दिसंबर को गाडी संख्या 08733 गेवरा रोड- बिलासपुर मेमू रद्द।

### ठेका प्रथा खत्म ....

के कई वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी से ठप है। इधर दूसरी ओर निगम के अधिकारियों का कहना है कि निगम के नियमित सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर नहीं गए हैं, वार्डों में सफाई का काम अभी भी चल रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने बताया कि प्लेसमेंट के तहत कार्यरत ड्राइवरों को ठेकेदारों द्वारा भुगतान किया जाता है। इसके कारण उनके वेतन की बड़ी राशि ठेकेदार को चली जाती है, इसलिए ठेका की प्रथा को बंद कर शासन को प्लेसमेंट कर्मचारियों को अन्य विभागों की तरह सीधे वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। ***अग्निशमन विभाग के कार्यालय परिसर में प्रदर्शनः*** प्लेसमेंट सफाई ड्राइवरों ने निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर टिकरापारा इलाके में स्थित अग्निशमन विभाग कार्यालय परिसर में कचरा गाड़ियों को खड़ी करके अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही जोन क्षेत्र के कमिश्नर मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाईश देने का प्रयास भी किया पर वे नहीं माने और हड़ताल जारी रखी।

### उपपंजीयकों में ...

से पक्षकारों को काफी सुविधा मिल रही है। ***कार्य विभाजन के बाद 1100 रजिस्ट्रियां*** : जिला पंजीयक रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के पंजीयन मैन्यूअल के प्रावधान अनुसार वर्तमान में रायपुर मुख्यालय में 5 उप पंजीयक हैं। इसी तरह एनजीडीआरएस सिस्टम में भी उप पंजीयकों के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। कार्य विभाजन के पश्चात से 03 दिसम्बर तक 1100 से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय के उप पंजीयकों के मध्य कार्य का विभाजन युक्तियुक्त ढंग से किया गया है। जिसमें किसी एक उप पंजीयक के पास अत्यधिक क्षेत्र नहीं है। वर्तमान में भी यदि किसी उप पंजीयक का अपाईमेंट स्लॉट पूर्ण हो जाता है तो आगामी दिवस में पंजीयन किया जा सकता है।

### सुगम एप से ....

सुगम ऐप में फोटो अपलोड किया जाना आवश्यक है। एनजीडीआरएस प्रणाली में कभी किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर तत्काल उच्च कार्यालय, एनआईसी की तकनीकी टीम द्वारा निराकरण करा लिया जाता है। तबादलानामा, बटवारानामा, मुख्त्यारनामा आम, वसीयतनामा का पंजीयन भी सुचारू रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में अन्य तहसीलों का जिला मुख्यालय में पंजीयन होने पर 1100 रूपए अतिरिक्त शुल्क निर्धारित है।

### आश्वासन ...

प्रशासन की ओर से समाचार आया कि श्रम विभाग के सचिव उनसे मिलना चाहते हैं। इसके लिए संघ के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टोरेट बुलाया गया था, जहां कलेक्टर के सभाकक्ष में चर्चा की गई। इस बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। दिव्यांग संघ के उपाध्यक्ष राधाकृष्ण गोपाल ने बताया कि बैठक में सचिव द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री तथा संबंधित विभाग के मंत्री दूसरे जिलों के दौरे पर हैं। सचिव के आश्वासन पर संघ ने अपना आंदोलन 8 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि 10 सदस्यों का दल 9 दिसंबर को रायपुर आएगा और मुख्यमंत्री या फिर विभागीय मंत्री से मुलाकात करेगा।

### मंदिर परिसर में ....

मंदिर परिसर में ही ठंडभरी रात भूखे-प्यासे काटने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि आश्वासन मिलने के बाद संघ के पदाधिकारियों ने किराए पर एक चूल्हा और बर्तन लेकर दोपहर में यहां खाना बनवाया और सामूहिक रूप से भोजन कर भूख मिटाई। इसके बाद सभी दिव्यांग देर शाम तक अपने-अपने घर के लिए रवाना हो गए।

### शंकराचार्य ....

सामने आएगा, हमने अभी आपको बताये। बांग्लादेश हमारी वजह से बना है और अगर कुछ नहीं हुआ, तो यहां भी बहुत बांग्लादेशी हैं, हम भी एक-एक को बाहर निकालेंगे।

# सिम स्वैपिंग कर ठगी, जालसाजी की रकम यूएसडीटी से भेजने वाले तीन गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिम स्वैपिंग कर ऑनलाइन ठगी करने के नए पैटर्न में रेंज साइबर पुलिस ने बिलासपुर के एक और जालसाज को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम को यूएसडीटी के माध्यम से अन्य जालसाजों को भेजने के आरोप में गरियाबंद के जालसाज सहित एक अन्य जालसाज को रेंज साइबर पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने रश्मि से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश, बिहार, चेन्नई, कोलकाता के आधा दर्जन जालसाजों के साथ पंजाब, लुधियाना निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अलग-अलग खातों में जमा ठगी की पूरी रकम होल्ड करा ली गई है। इसी तरह से रेंज साइबर पुलिस ने सिम स्वैपिंग कर साढ़े छह लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार दो आरोपियों की निशानदेही पर कमल किशोर नेताम को गिरफ्तार किया है। शेयर ठगी के माध्यम से प्राप्त रकम को यूएसडीटी के माध्यम से किसी दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने गरियाबंद निवासी अरुण सिन्हा को गिरफ्तार किया है।

### सिम स्वैपिंग कर ऐसे की जाती है ठगी

सिम स्वैप का सीधा मतलब सिम कार्ड को बदल देना या उसी नंबर से दूसरा सिम निकलवा लेना है। सिम स्वैपिंग में आपके मोबाइल नंबर से एक नए सिम का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इसके बाद आपका सिम कार्ड बंद हो जाता है और आपके मोबाइल से नेटवर्क गायब हो जाता है। ऐसे में ठग के पास आपके मोबाइल नंबर से सिम चालू हो जाता है और इसी का फायदा उठाकर वह आपके नंबर पर ओटीपी मंगाता है और फिर आपके खाते से पैसे उड़ा लेता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202411112800019/35**
विषय :- अ-20 (3) सनः-2024-2025
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
रायपुर प.ह.न. 00062 [(है.)]
**पक्षकारों का विवरण** - आवेदक पक्षकार - {1} श्रीमती रेखा साहू पति स्व. रामस्वरूप साहू, {2} श्री कुलेश्वर साहू {3} धनेश्वर साहू, {4} दुर्गेश्वरी साहू, सभी के पिता स्व. रामस्वरूप साहू,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा टिकरापारा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्रीमती रेखा साहू पति स्व. रामस्वरूप साहू, 2. कुलेश्वर साहू, 3. धनेश्वर साहू, 4. दुर्गेश्वरी साहू, सभी के पिता स्व. रामस्वरूप साहू, सभी निवासी गंगा नगर, एच. पी. गैस गोडाउन टिकरापारा रायपुर छ.ग. के द्वारा छ. ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत फौती नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा टिकरापारा स्थित भूखण्ड क्रमांक- 142, रकबा 294 वर्गफुट भूमि का पट्टा आवेदकगणों के पिता/पति रामस्वरूप साहू के नाम पर प्राप्त है। रामस्वरूप साहू की मृत्यु दिनांक 04/11/2012 को गया है। रामस्वरूप साहू के वारिसानों में आवेदकगण ही वारिसान हैं, अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदकगण द्वारा वारिसानहक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 23/12/2024 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
Manish Mishra
नजूल अधिकारी, रायपुर

**NAME CHANGE**

1. Tannumal Bhojwani, aged 70 years, Residing at Anand Varsha Niwas, Devpuri, Amlidih Road, Ward No. 51, Gulab Nagar, Raipur, Chhattisgarh, 492015 do hereby solemnly affirm and state as follows :-

That by virtue of this affidavit my spelling is changed from Tanumal Bhojwani to Tannumal Bhojwani. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings use and sign the name of Tannumal Bhojwani as my name.

That the facts stated above are true to the best of my knowlege and belief.

**DEPONENT**
**Tannumal Bhojwani**

**VERIFICATION**

Verified that the contents of the above are true and correct to the best of my knoledge and nothing has been concealed therein. Hence verifed and signed by me at Raipur (C.G.) on this 03 day of December 2024.

**DEPONENT**
**Tannumal Bhojwani**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202410101500032**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**विषयः- अ-74 सनः- 2024-2025**
**खम्हरिया (प.ह.न. 00007),**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- इंदल,**
**अनावेदक पक्षकार - छ.ग.,**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक इंदल पिता भुनेश्वर जाति सतनामी निवासी ग्राम खम्हरिया तह. पाटन एवं जिला दुर्ग में स्थित खसरा नं. 690 रकबा 0.57हे. एवं खसरा क्र. 693 रकबा 0.33हे. कृषि भूमि काबिज कास्त (शासकीय पट्टेदार) स्वामी हक में स्थित है। उक्त भूमि आवेदक द्वारा विक्रय कर आर्थिक तंगी एवं अत्यधिक कर्ज ऋण की अदायगी हेतु विक्रय की अनुमति हेतु कलेक्टर महो. दुर्ग से अ.वि.अ (रा) महो. द्वारा इस न्यायालय को आवेदन प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/12/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
भूपेन्द्र सिंह
नायब तहसीलदार, पाटन, जिला-दुर्ग

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर में निर्मित एल.आई.जी योजना के अतंर्गत भवनों में से भवन क्रमांक. - **एल.आई.जी. - 133 श्री पंचम पाण्डेय पिता श्री केशव पाण्डेय** को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **09.09.2015** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **18.07.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्री मनीष कुमार मेश्राम पिता स्व. श्री मुकुन्द राव मेश्राम** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - 01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10475 दिनांक 14.01.2010 के द्वारा नया रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ईडब्ल्यू एस-II ब्लॉक - 46/108 को श्री अभिनव पाठक पिता स्व. श्री पी.सी. पाठक, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.07.2013 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री अभिनव पाठक पिता स्व.श्री पी.सी. पाठक, निवासीः-नियर शुक्ला हॉस्पिटल, शान्ति विहार कॉलोनी, डगनिया, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती सुमन कुमारी पति श्री मनोज कुमार मेहता, निवासीः- नवागांव सेक्टर-27 नया रायपुर अटल नगर, नवागांव, थाना-राखी, तहसील- आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ईडब्ल्यू एस-11, ब्लॉक-46/108, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2066 दिनांक 16.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी - 11/582, को श्री राजेश कुमार नशीने पिता श्री जतन लाल नशीने एवं श्रीमती चित्रा नशीने पति श्री राजेश कुमार नशीने, के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.02.2021 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राजेश कुमार नशीने पिता श्री जतन लाल नशीने एवं श्रीमती चित्रा नशीने पति श्री राजेश कुमार नशीने, निवासीः - सी / 186, डॉ. जी. बी. गुप्ता हाउस के बगल में, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री विष्णु कोनूरयर कोनूरील्लम पिता श्री एस. के. कोनूरील्लम, निवासीः- हाउस नं. 15, अविनाश न्यू काउंटी, सेक्टर - 30, नया रायपुर, नवागांव, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच. आई. जी - 11 / 582, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6043 दिनांक 23.07.2016 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच. आई. जी - I /647, को श्रीमती अपर्णा तिवारी पति श्री अनिमेष तिवारी के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 05.12.2016 को सेलडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती अपर्णा तिवारी पति श्री अनिमेष तिवारी, निवासी : - बी - 1, सीता विहार, वाई 28, तेलीबांधा, रायपुर, रविग्राम (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री ओम प्रकाश सिंह पिता श्री बनारसी सिंह, निवासीः- एच. आई. जी - I / 640, सेक्टर-29, नवागांव - 1, ( नवागांव ) रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच. आई. जी-1 /647, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनसमस्या निवारण शिविर में 2 सौ आवेदन निराकृत

**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के मांढर ग्राम पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान विधायक अनुज शर्मा एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूषण लाल साहू, भूषण राव कोटे, अंगेश्वर साहू, ढेला बह साहू, महेश कुम्भकार, संतोषी देवांगन, शिव कुमार साहू, मारूती देवांगन, जीवन लाल साहू, मिलेष तारक, अनुसुईया वर्मा, शलैन्द्री धीवर को आवास की चाबी सौंपी। इसके अलावा किसानों को बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मोहन का आधुनिक कृत्रिम हाथ बनेगा सहारा



**रायपुर।** एक वक्त था जब हाथ कटने के बाद एक हाथ से काम करना आसान नहीं हो पाता था, लेकिन आधुनिक कृत्रिम हाथ लोगों के काम न केवल आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें हाथ कट चुका है, इसका एहसास भी नहीं होता। दुर्ग निवासी मोहन कन्हाई का एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गया था, लेकिन निःशुल्क कृत्रिम फंक्शनबेल हाथ मिलने के बाद वह बहुत खुश है। उसका कहना है कि एक हाथ के कारण रोजगार की चिंता सताती थी, पर ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों हाथ से वह काम कर सकता है, इसलिए रोजगार भी उसे मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ 36 से ज्यादा ग्रिप पैटर्न बनाने में सक्षम है और इसे एंड्राइड और साफ्टवेयर एप से भी संचालित किया जा सकता है। साथ ही, यह कृत्रिम हाथ चार्ज भी किया जाता जाता है। यह कृत्रिम हाथ 35 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं। जिससे उपयोगकर्ता को अपने दैनिक कार्यों में सहूलियत मिलती है।

# बस्तर में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी, रावघाट से जगदलपुर के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

- रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को लेकर दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना में कुल लंबाई 235 किमी को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि पहले चरण में दल्लीराजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन तैयार होनी है।

इस चरण में रेलवे ने दल्लीराजहरा से तारोकी, 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। दूसरे चरण में रावघाट से जगदलपुर, 140 किमी पर कार्य होना है। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, डीपीआर तैयार कर ली गई है।

### धमतरी से कोंडागांव तक रेल लाइन

कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना का यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन से यात्री बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों तक पहुंच सकेंगे।



## गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा

# गर्भवती एवं कुपोषित बच्चों की पौष्टिक थाली से अंडा गायब, 8 माह से फंड जारी नहीं, इसलिए योजना भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर कुपोषित बच्चों एवं 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं को दोपहर में भोजन की थाली में पौष्टिक आहार के रूप में खाना के साथ केला और अंडा भी परोसा जा रहा था, लेकिन पिछले 8 माह से थाली से अंडा गायब हो चुका है। विभागीय अधिकारी इसकी वजह फंड जारी नहीं होना बता रहे हैं, जिससे यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। इधर थाली से अंडा गायब होने से कुपोषित बच्चों एवं कम हिमोग्लोबिन गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है।

### वर्ष 2019 में शुरू की गई थी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान

खनिज न्यास निधि के तहत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना की शुरूआत वर्ष 2019 में की गई थी। इसके तहत प्रदेशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं को गरम पका हुआ भोजन देन की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कुपोषित बच्चों एवं 6 गाम से कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं को गरम खाने में रोटी, फोर्टिफाइड चावल, मिक्स दाल, सब्जी, गुड़ के साथ केला या चिकू में एक फल तथा एक उबला अंडा थाली में परोसा जा रहा था।




फाइल फोटो

### एक उबला अंडा में कई पोषक तत्व

एक अंडे में 13 प्रकारण के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें कैलोरी 77 ग्राम, कार्ब्स 0.6 ग्राम, कुल वसा 5.3 ग्राम, सेचुरेटेड वसा 1.6 ग्राम, मोनेसेचुरेटेड वसा 2.0 ग्राम, कोलेस्ट्रॉल 212 ग्राम, प्रोटीन 6.3 ग्राम, विटामिन ए, विटामिन बी2, विटामिन बी12, विटामिन बी5, फोसफोरस 86 ग्राम एवं सेलेनियम 15.4 ग्राम है।

### फंड जारी नहीं किया गया है

फल-अंडा वितरण के लिए डीएमएफ फंड से राशि जारी होती थी। अप्रैल 2024 से इसके लिए फंड जारी नहीं किया गया है, इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन की थाली में अंडा नहीं दिया जा रहा है।

\- **निशा मिश्रा,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

### हफ्ते में 3 दिन दिया जाता था फल के साथ अंडा

विभागीय अधिकारियों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को योजना के तहत एक हफ्ते में 3 दिन एक फल के साथ उबला अंडा दिया जाता था। इससे कुपोषित बच्चों में कुपोषण तथा गर्भवती महिलाओं में खून की कमी दूर होती है। अब सिर्फ फल में केला दिया जा रहा है।

### योजना के लिए डीएमएफ फंड से जारी होती थी राशि

विभागीय सूत्रों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में उबला अंडा व फल वितरण के लिए विभाग में अलग से बजट का प्रावधान नहीं किया गया था। इसके लिए डीएमएफ फंड की राशि का उपयोग किया जाता था। अब डीएमएफ फंड से अंडा-फल वितरण के लिए राशि जारी नहीं की जा रही है, जिसके कारण यह योजना भी अब बंद पड़ी है।

### जिले में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं महिलाएं हो चुकी हैं लाभांवित

पौष्टिक थाली में फल व अंडा वितरण से जिले में पिछले दो साल में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं लाभांवित हो चुकी हैं। रायपुर जिले में 1916 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें कुपोषित बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें भोजन में अंडा और फल वितरण किया गया है। पिछले दो वर्ष में जिले में करीब 22 सौ गर्भवती महिलाओं को भोजन में अंडा-फल वितरण किया गया है। इसी प्रकार तीन हजार से अधिक कुपोषित बच्चों को अंडा-फल आहार में दिए गए हैं।

# मशीन में फंसकर किशोर की मौत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गोविंद मिनरल्स में मिक्सर मशीन में किशोर के फंसने से हुई थी मौत

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा स्थित गोविंद मिनरल्स की मिक्सर मशीन में एक आदिवासी किशोर की फंसने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। मृतक की उम्र 16 वर्ष है। बाल श्रमिक कुछ दिन पूर्व ही मुंगेली से मिनरल्स फैक्ट्री में काम करने आया था। कलेक्टोरेट द्वारा जारी बयान के मुताबिक घटना के तत्काल बाद श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन तथा पुलिस की संयुक्त टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक किशोर को सोन सिंग ध्रुवे नामक व्यक्ति फैक्ट्री में काम करने लाया था।

### मशीन चालू करने से हुई मौत

जांच टीम को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गोविंद मिनरल्स में पत्थर से सिलिका रैमिंग मास बनाने का कार्य होता है, जहां बड़े बड़े पत्थरों को क्रशर मशीन द्वारा बारीक पाउडर के बदलने के बाद उसमें केमिकल मिलाने का कार्य मिक्सर मशीन में किया जाता है। 2 दिसंबर तड़के चार बजे इसी मशीन में किशोर कार्य कर रहा था, मशीन में फाल्ट आने पर वह मशीन के भीतर घुस कर सफाई कर रहा था, तभी मिक्सर मशीन का बटन किसी के द्वारा चला दिया गया, जिससे बाल श्रमिक उस मशीन में बुरी तरह फंस गया और उसकी मृत्यु हो गई।

## गोंड समाज का परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को

**रायपुर।** क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में 15 दिसंबर को विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही इस सम्मेलन में विधवा, विधुर और तलाकशुदा लोग भी शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी समिति के सचिव सेवाराम ध्रुव ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीयन जरुरी है। यह पंजीयन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक गोंडवाना भवन में करा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि एक प्रति आवेदन पंजीयन सहयोग राशि 400 रुपए जमा करना होगा, आवेदन को पासपोर्ट साइज में दो फोटो के साथ जमा करें और आदर्श विवाह करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग शामिल होंगे।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट से दुर्लभ त्वचा लिंफोमा का सफलतापूर्वक इलाज किया

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट की मदद से एक दुर्लभ रक्त कैंसर, त्वचीय डिफ्यूज़ लार्ज बी सेल लिंफोमा (डीएलबीसीएल) का सफलतापूर्वक इलाज किया है। नया रायपुर, छत्तीसगढ़ के इस प्रमुख कैंसर अस्पताल ने 28 वर्षीय मरीज का उपचार किया, जो त्वचा पर दाने और घावों के साथ अस्पताल आया था। मरीज को ठीक करने के लिए स्टेम सेल प्रत्यारोपण की योजना बनाई गई। मुख्यमंत्री राहत कोष द्वारा समर्थित इस प्रक्रिया को पूरी तरह से निशुल्क किया गया। अब मरीज पूरी तरह से रोगमुक्त है।

वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चिकित्सा निदेशक, डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि हमारा उद्देश्य बीएमटी और कार टी-सेल थेरेपी जैसे विश्व स्तरीय कैंसर उपचार को हर किसी के लिए सुलभ बनाना है, विशेषकर वंचित पृष्ठभूमि के मरीजों के लिए। सरकारी योजनाओं और गैर सरकारी संगठनों के समर्थन से, हम सुनिश्चित करते हैं कि वित्तीय बाधाएं किसी मरीज को उनकी आवश्यक देखभाल प्राप्त करने से न रोकें।



### सुराना भवन में लगे विंटर गारमेंट सेल में 90% तक फैक्ट्री आउटलेट डिस्काउंट

**रायपुर।** छोटापारा, सुभाष स्टेडियम के पास स्थित सुराना भवन में चल रहे रेडीमेड विंटर गारमेंट सेल में फैक्ट्री आउटलेट के डायरेक्ट डिस्काउंट पर विभिन्न प्रकार के विंटर वेयर, लेडिस, जेन्टस और किड्स कपड़े उपलब्ध हैं। सेल में विंटर जैकेट्स, स्वेट शर्ट्स, स्वेटर्स, कार्डिगन्स के अलावा जींस, पैंट, शर्ट्स, टी-शर्ट्स, वेस्टर्न टॉप्स और कुर्तियां भी उपलब्ध हैं।

संचालक के अनुसार, 2500 से 4000 रुपये में बिकने वाले विंटर वेयर जैसे जैकेट्स और स्वेटर्स अब 200 से 750 रुपये के बीच मिल रहे हैं। इसी तरह, 1000 से 2500 रुपये तक की कीमत वाले ब्रांडेड जींस, शर्ट्स, टी-शर्ट्स अब 200 से 550 रुपये तक उपलब्ध हैं। बच्चों के कपड़े भी भारी छूट पर हैं, जहां बच्चों के स्वेटर्स, जैकेट्स और हूडी केवल 250 रुपये में मिल रहे हैं। सेल में ओरिजिनल शर्ट्स 100 से 350 रुपये, ब्रांडेड जींस 550 से 750 रुपये और जेन्ट्स जैकेट्स 250 से 650 रुपये तक मिल रहे हैं। इसके अलावा, ब्रांडेड कुर्तियां, स्वेट शर्ट्स और पैंट्स 200 से 550 रुपये की कीमत पर उपलब्ध हैं। यह सेल सीमित दिनों के लिए है, और ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



### दिल्ली आईएएस अकादमी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन सीजीपीएससी-2023 में 100 से अधिक चयन की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी)-2023 के परिणाम में दिल्ली आईएएस अकादमी के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अकादमी के अनुसार 242 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में उनके 100 से अधिक छात्रों के चयन की संभावना है। अकादमी के विद्यार्थियों ने टॉप-20 में 12 और टॉप-50 में 30 स्थानों पर कब्जा जमाया है। प्रमुख रैंकधारी में किरण राजपूत (रैंक-4), नंदिनी (रैंक-5), सोनल यादव (रैंक-6), शशांक कुमार (रैंक-8) और पुनीत वर्मा (रैंक-1) शामिल हैं। इसके अलावा, डिप्टी कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी, लेखा अधिकारी और महिला बाल विकास अधिकारी समेत 25 नायब तहसीलदार और 16 सीटीआई के पदों पर चयन की संभावना भी जताई गई है। अकादमी के संस्थापक और शिक्षाविद सौरभ चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों की सफलता में मार्गदर्शन प्रणाली को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट स्टडी और समसामयिक घटनाओं पर आधारित रणनीति ही सफलता का मुख्य कारण है।



# भूपेश को पंकज झा का जवाब- हम वेतन पर पलते हैं, क्योंकि...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे पत्र में उनके द्वारा पंकज कुमार झा को वेतनभोगी कहे जाने के मामले में अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है कि हम भारत के (निम्न मध्यवर्गीय) लोग निस्संदेह वेतन पर पलते हैं।



हमारे जैसे करोड़ों लोगों को इसलिए वेतन पर पलना होता है, क्योंकि हम किसी गायकवाड़ या महराज दरभंगा के वंशज नहीं होते हैं। जितना आपके बारे में रिसर्च करना पड़ा है हमें, उसके अनुसार आप भी किसी अकबर या निजाम हैदराबाद की विरासत के उत्तराधिकारी रहे हों, ऐसा नहीं है। पत्र की शुरुआत में उन्होंने श्री बघेल को संबोधित करते हुए लिखा है कि आपको 'जनादेश दिवस' की विलंबित बधाई। आशा है अब आप सानंद होंगे। उम्मीद है अब आपका गुस्सा भी थोड़ा ठंडा हुआ होगा। आपके अहं को ठेस पहुंचाने के लिए मैं जरा भी शर्मिंदा तो नहीं हूं, पर आपको हुई तकलीफ के लिए थोड़ा बुरा महसूस कर रहा हूं। दुःख इस बात का हुआ है कि 'जनादेश दिवस' की पूर्व संध्या पर आपको एक 'वेतन पर पलने वाले' के विरुद्ध प्रेस वार्ता आयोजित करनी पड़ी। सालभर पहले तक अजीमो शान शहंशाह स्वयं को समझ लेने वाले व्यक्ति की अगर यह दुर्गति हो गयी कि उसे मेरे जैसे वेतनभोगी के मुंह लगना पड़ जाय, तो पराजय की बरसी के अवसर पर यह आपके लिए दोगुनी पीड़ा का विषय है। आपके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। महतारी वंदन की किस्त जारी हो चुकी है।

### भाषा ठीक करने के लिए पत्र लिखा

उन्होंने लिखा है- आपको क्या स्मरण भी नहीं है कि आपने भी 'वजीर ए आला' बनते ही सलाहकार के रूप में आपके शब्दों में ही कहें तो चार-चार 'तनख़्वाह पर पलने वाले' इकट्ठा किए थे। वे राजनीतिक बयानबाजी में पारंगत थे। बाहर के प्रदेशों में घूम-घूम कर वे चुनावी राजनीति में भी व्यस्त रहते थे। याद्दाश्त कमजोर हो गयी हो तो स्मरण कराता हूं कि आपके एक सलाहकार महोदय ने मात्र 15 महीने के राजनीतिक जीवन में इतना अनुभव बटोर लिया था कि 15 वर्ष मुख्यमंत्री रहे डा. रमन सिंह जी को पत्र लिखकर उन्होंने भाषा ठीक रखने की नसीहत दे डाली थी।

# स्कूटी सवार को कुचलने वाला कार चालक पुलिस की धौंस दिखाकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कार चालक के तेज रफ्तार की शौक ने निर्दोष स्कूटी सवार की जान ले ली। उसे कुचलकर कार ने आटो को ठोकर मारकर पलटा दिया। भागने के दौरान गाड़ी बंद होने पर भीड़ ने जब उसे घेरा, तो खुद को पुलिस वाले का भाई बताकर वह फरार हो गया।

मामला मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे के आसपास माना व्हीआईपी रोड पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शी जैकी बुलचंदानी ने बताया कि वह अपने स्टाफ के साथ डेयरी जा रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई। कार ने जिस आटो को ठोकर मारी थी, उसमें जैकी भी सवार था। उसने बताया, कार की गति काफी अधिक थी। पहले उसने आटो को ठोका, जिससे घिसटने के बाद वह पलट गया। आटो में सवार गणेश यादव, चालक विजेन्द्र जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आटो को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने के बाद भागने की हड़बड़ी में उसने सामने से आ रहे स्कूटी सवार को ठोकर मारकर अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर लगी गंभीर चोट और पेट से गुजरे पहिए की वजह से उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया जाता है, कार चालक इसके बाद भी रुकने के बजाए भागने की कोशिश कर रहा था, तभी उसकी गाड़ी बंद हो गई। भीड़ ने उसे घेरा, तो उसने अपनी आई-20 कार से उतरकर खुद को पुलिस वाले का भाई होना बताया और फरार हो गया।

### आटो को भी चपेट में लिया वीआईपी रोड पर हुआ हादसा







### इलेक्ट्रिशियन था मृतक

जानकारी के अनुसार मृतक सनत यादव फुंडहर चौक का रहने वाला था और इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वह मंदिर हसौद जा रहा था, इसी दौरान कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद जब उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, तो उसकी मौत हो चुकी थी। आटो में सवार गणेश तथा चालक विजेन्द्र को गंभीर चोट आई थी।

### पुलिस जांच कर रही

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि कार जिसके नाम पर है, उसने उसे बेच दिया है। घटना के वक्त कार कौन चला रहा था, यह अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी की मदद से उसकी पहचान का प्रयास कर रही है।

# सुसाइड नोट मिलने पर भी एफआईआर नहीं महिला आयोग ने एसपी को लिखा पत्र, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आत्महत्या के एक प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले से संबंधित पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले में आत्महत्या करने वाले व्यक्ति ने सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें मृतक द्वारा आत्महत्या के लिए एक महिला को जिम्मेदार बताया गया है। इस सुसाइड नोट के मिलने पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिसे आयोग ने गंभीरता से लेते हुए मामले में अब रायपुर में सुनवाई करने का निर्णय लिया है।

आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने बुधवार को मुंगेली स्थित कलेक्टोरेट सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने प्रकरण लगाया था, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसके पति सौरभ सोनी ने 3 सितंबर को आत्महत्या कर ली। इस दौरान पुलिस को सौरभ द्वारा लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक महिला को आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले में जीआरपी थाना दुर्ग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस पर आयोग ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है, जिसमें मामले की विस्तृत जानकारी एक माह में आयोग कार्यालय में देने के लिए कहा है।




महिला ने इसके साथ ही महिला के पति पर उसके साथ रेप करने का भी आरोप लगाया है, जिसकी रिपोर्ट मुंगेली थाने में दर्ज कराई है। आत्महत्या के एक अन्य प्रकरण में आयोग ने मुंगेली जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मुंगेली थाना से मामले की जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। आयोग अब दोनों प्रकरणों पर अंतिम सुनवाई रायपुर में करेगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 एनसीसी में जो सीखा उसे भूला नहीं पाए...

## लाइव इवेंट

## सेना में भर्ती के लिए युवाओं में उत्साह, 285 युवा दौड़ में हुए पास



**रायपुर।** अग्निवीर भर्ती रैली के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 02 जिलों सारनगढ़-बिलाईगढ़ और जांजगीर-चंपा के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। बुधवार के लिए कुल 917 युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किए गये थे, जिसमें से 770 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और इसमें से 285 युवाओं ने दौड़ पास की है। दौड़ पास उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### अनाधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के 33 जिलों के लिए आयोजित सेना भर्ती के लिए 8556 युवाओं ने सीईई परीक्षा पास की थी ।जिला प्रशासन, रायगढ़ और सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है । भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी केवल योग्यता के आधार पर होता है, इसलिए सेना भर्ती कार्यालय ने अनाधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है ।

## सिटी इवेंट

## कृषि से कम समय में आमदनी प्राप्त करने युवाओं ने सीखे गुर



**रायपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के रेशम किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं निरंतर उन्नति के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी सिलसिले में प्रदेश के 100 रेशम किसानों का अध्ययन दल महाराष्ट्र के वर्धा में स्थापित रेशम कृषि की उन्नत तकनीक का अध्ययन किया। इन रेशम किसानों को मिट्टी, पौधे, कृमिपालन, कृमिपालन हेतु उपकरण, सिंचाई आदि सहित तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया।छत्तीसगढ़ के किसान महाराष्ट्र के वर्धा में प्रशिक्षण पश्चात काफी प्रसन्न मुद्रा में कहा कि वे वर्धा आकर रेशम कृषि पालन के माध्यम से कम समय में अधिक आमदनी प्राप्त करने का गुर सीख लिया है। अब वे छत्तीसगढ़ में भी इन नवीन तकनीकों का प्रयोग कर कृमिपालन व ककून तैयार करेंगे, जिससे उच्च क्वालिटी की सिल्क तैयार कर बाजार में अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकें। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा सिल्क समग्र योजना के रेशम विस्तार के लिए कृषकों का चयन कर उन्हें महाराष्ट्र के वर्धा अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा गया था। सिल्क समग्र योजना केन्द्रीय रेशम बोर्ड के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही है।




### 26 दिनों में एक लाख तक की आय

रेशम किसान मात्र 26 दिनों में ही 66 हजार से एक लाख तक की आय अर्जित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित कृषकों को महाराष्ट्र के वर्धा जिले में सिल्क समग्र से लाभ लेकर उत्पादन कर अधिक आय अर्जित करने वाले कृषकों के कार्यों का अवलोकन कराया गया। इस दौरान कृषकों से चर्चा, उनके द्वारा किये जा रहे प्रगतिशील कार्य, तकनीकी कार्यों हेतु व्यवस्था की जानकारी मिली। इसी प्रकार रेशमकीट पालन के कार्यों हेतु सावधानियां, वैज्ञानिक उपाय, उत्पादन, बाजार व्यवस्था, भुगतान की प्रक्रिया, राशि की प्राप्ति तथा आगामी वर्षों के लिए कार्य योजनाएं एवं इस कार्य में महिलाओं की सहभागिता, आय अर्जन इत्यादि समस्त विषयों पर चर्चाएं की गई।

● एआई के आने के बाद आईटी क्षेत्र में प्लेसमेंट की बढ़ी रफ्तार, स्टूडेंट्स को पढ़ा रहे एडवांस कोर्स

# एनआईटी में गूगल व माइक्रोसॉफ्ट से प्लेसमेंट का ऑफर पांच सालों में 20 लाख तक बढ़ा स्टूडेंट्स का पैकेज

**एनआईटी और ट्रिपलआईटी में स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट बीते कुछ सालों से बढ़ा है। बेंगलुरु, मुंबई की बड़ी कंपनियों के साथ ही गूगल समेत माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों ने प्लेसमेंट के लिए सर्वाधिक कंप्यूटर साइंस और केमिकल ब्रांच के स्टूडेंट्स को चुना है। बदलते समय के साथ अब स्टूडेंट्स अच्छे प्लेसमेंट के लिए खुद को अपडेट कर रहे हैं। ना सिर्फ छात्र बल्कि संस्थानों द्वारा भी छात्रों को प्लेसमेंट के लिए तैयार किया जा रहा है।**

**रायपुर।** वर्तमान में उद्योगों में जिस तरह के कोर्स और स्किल की मांग है, उसके आधार पर छात्रों की पढ़ाई कराई जा रही है। इसके लिए कुछ नए तथ्यों को भी जोड़ा जा रहा है। हरिभूमि ने एनआईटी और ट्रिपलआईटी के प्लेसमेंट फैकल्टी और स्टूडेंट्स से बातचीत की। उनका कहना है कि आईटी कंपनियां अब कॉलेजों में ऐसे स्टूडेंट्स ढूंढ रही हैं, जिन्होंने कंप्यूटर साइंस के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई और मशीन लर्निंग, एमएल व डेटा साइंस, डीएएस और साइबर सिक्योरिटी में भी स्पेशलाइजेशन किया है। एनआईटी के कंप्यूटर साइंस ब्रांच के नवीन चंद्रवंशी ने बताया कि कंपनियों की मांग अधिक होने से प्लेसमेंट मिलना थोड़ा मुश्किल हुआ है। कंपनियों में नई तकनीक आने से ऐसा हुआ है। अब पढ़ाई अन्य विषयों में स्पेशलाइजेशन के लिए अलग से कोर्स इंटरनेट में कर रहे हैं। नए तरीके की कोडिंग सीख रहे हैं, ताकि प्लेसमेंट में चयन हो सके। 5 साल पहले कंपनियों को मांग ज्यादा नहीं होती थी, लेकिन अब वे चाहते हैं, उनके फील्ड के सभी कार्यों में अपडेट हो।



5 छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने 55 लाख का मिला पैकेज

### अब कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोडिंग तक सीमित नहीं

इंजीनियरिंग कॉलेजों में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में बढ़ रहे अवसरों को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल ब्रांच के स्टूडेंट की पूछ-परख बढ़ी है। ट्रिपलआईटी के प्रोफेसर का कहना है कि अब कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोडिंग तक सीमित नहीं है। स्टूडेंट्स को अच्छे प्लेसमेंट के लिए एडवांस कोर्स इंडस्ट्रीज के हिसाब से पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें रोबोटिक्स, डीप लर्निंग, पैटर्न रिकॉग्निशन व कंप्यूटर विजन, कॉग्निटिव कंप्यूटिंग और डेटा विजुअलाइजेशन, डेटा मॉडलिंग जैसे विषय शामिल हो चुके हैं। इस वजह से अब प्लेसमेंट बढ़ने लगे हैं।



महानगरों की तर्ज पर शहर के छात्रों को भी बड़े स्तर पर पैकेज ऑफर हो रहे हैं। अप्रैल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 5 छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने सालाना 55 लाख रुपए पैकेज का ऑफर मिला था। इस प्लेसमेंट में अंतिम वर्ष के सूचना प्रौद्योगिकी ब्रांच के हृदम पलवे, साक्षी अग्रवाल और आदित्य श्रीवास्तव, केमिकल ब्रांच की प्रशंसा गुप्ता और इलेक्ट्रिकल ब्रांच की अस्मिता शर्मा शामिल रही। लाखों का पैकेज मिलने पर छात्रों ने इसका श्रेय प्रोफेसर्स को दिया है। गौरतलब है कि इस कंपनी की शुरूआत होममेड विंडो सॉफ्टवेयर के लिए हुई थी, लेकिन आज यह सॉफ्टवेयर के दुनियाभर में प्रचलित और प्रसिद्ध हो चुकी है। छात्रों का कहना है कि कॉम्प्लिकेटेड एप्लिकेशन बनाने वाले कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर के साथ काम करना आकर्षित करता है।

### साइबर सिक्योरिटी में स्पेशलाइजेशन में भी प्लेसमेंट



एनआईटी और ट्रिपलआईटी के आईटी ब्रांच के स्टूडेंट्स सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के अंतर्गत प्लेसमेंट के लिए कंपनी को साइबर क्राइम अटैक से बचाने के लिए कोडिंग सीख रहे हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर ढूंढ रही कंपनियां एआई और मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी में स्पेशलाइजेशन चाहती है, ताकि विपरीत स्थिति में समस्या को सुलझाया जा सके। स्टूडेंट्स कॉलेज और इंटरनेट की मदद से साइबर सिक्योरिटी के लिए विशेष कोडिंग सीख रहे हैं। स्टूडेंट्स ने अपनी वेबसाइट बनाई है, जिसमें कोडिंग के लिए अपनी स्पेशलाइजेशन बढ़ा रहे हैं।

### एआई के आने के बाद आईटी क्षेत्र में बढ़ी मांग

*एनआईटी में हुए प्लेसमेंट में कई छात्रों को 55 लाख तक के पैकेज मिले हैं। चयनित छात्रों का कहना है कि 2022-23 में 60 प्रतिशत कंपनियों की मांग स्पेशलाइजेशन थी। इसके अलावा 40 प्रतिशत कंपनियां ऐसी हैं, जो प्लेन कंप्यूटर साइंस ब्रांच के स्टूडेंट्स को रख रही हैं। हालांकि इनके पैकेज अपेक्षाकृत कम होते हैं। एनआईटी में पीएचडी कर रहे एस. मरोज का कहना है कि एआई के आने के बाद अब आईटी के क्षेत्र में दो साल बाद फिर से मांग बढ़ेगी। इसमें स्पेशलाइजेशन वालों को मौका अधिक मिलेगा। पिछले साल हुए प्लेसमेंट में बेंगलुरु की एक कंपनी ने कंप्यूटर साइंस के साथ एआई में स्पेशलाइजेशन मांगा था। मुंबई की कुछ कंपनियों ने वीएलएसआई और चिप डिजाइनिंग में की मांग रखी थी।*

# जिम्मेदारियों ने दिव्यांगों के जीवन में बढ़ाई चुनौतियां, पैर खोने के बाद भी हौसले बुलंद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व दिव्यांग संघ के बैनर तले प्रदेश के दिव्यांग अपनी मांगों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को दूसरे दिन दिव्यांगजनों ने टिकरापारा स्थित हरदेव लाल मंदिर में अपने प्रदर्शन जारी रखा। संघ का कहना है कि हमारी मांग जायज है। दिव्यांग को जीवन सरल नहीं होता है। जीवन के हर परिस्थिति में हमारी चुनौतियां बढ़ जाती है। हरिभूमि ने दिव्यांग से बातचीत की। उन्होंने बताया कि दिव्यांग का दर्द दूसरा दिव्यांग ही अच्छे से समझ सकता है। सरकार से मांग कर हम अपना और परिवार का जीवन बेहतर करना चाहते हैं। एक दिव्यांग के जीवन में भी जिम्मेदारियां होती है।



### सड़क दुर्घटना में खोया एक पैर

राजनांदगांव निवासी 45 वर्षीय हेमंत दास साहू ने बताया कि साल 2012 के सड़क दुर्घटना के कारण एक पैर से दिव्यांग हूं। इस घटना के बाद 6 माह तक चलने में अनेक परेशानी का सामना करना पड़ा, वर्तमान में 80 प्रतिशत दिव्यांग हूं। राजनांदगांव के नजदीक गांव स्थित कंपनी में गार्ड की नौकरी कर रहा, जिससे प्रतिदिन 400 रूपए के अनुसार वेतन दिया जाता है। दिव्यांग होने के बाद भी आत्मनिर्भरता से कार्य कर रहा, जिससे अपने घर का खर्च व विभिन्न जिम्मेदारी पूर्ण रूप निर्वहन कर रहा।

### दिव्यांगजन की मदद करने कमाई का आधा हिस्सा



जांजगीर चांपा निवासी 49 वर्षीय राधा कृष्ण गोपाल ने बताया कि जीवन में समस्याओं का सामना दृढ़तापूर्वक निडर होकर करना चाहिए। बचपन से सरकारी नौकरी की तैयार करने के बाद भी हासिल नहीं हुआ, जिसके बाद स्वयं का प्रिंटिंग और वीडियो ग्राफिक्स का व्यवसाय प्रारंभ किया। इस दौरान प्रदेश के निर्धन दिव्यांगजन की मदद के लिए रोजाना कमाई का आधा हिस्सा एकत्र करता गया। दिव्यांग होने के बाद भी सभी की मदद करना अपने आप में गर्व की बात है। दिसंबर माह में अयोध्या में 'दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान समारोह' का आयोजन किया जा रहा। जिसके लिए प्रदेश भर से केवल मेरा नाम चयन किया गया है, जो मेरे जीवन की उपलब्धी है।

### छोटे भाई-बहन ने बड़े भाई को पढ़ाया कॉलेज

अभनपुर स्थित गांव सिंगारभाठा निवासी 40 वर्ष के डोमन बया ने अपने जीवन के संघर्ष को साझा किया। सात वर्ष की आयु में पिता को खोने के बाद घर की जिम्मेदारी मां ने संभाली।



बचपन से दिव्यांग होने के कारण स्कूल से लेकर कॉलज तक की पढ़ाई ट्राइसिकल से किया। कॉलेज के दिनों में 30 किलोमीटर का लंबी यात्रा ट्राइसिकल से किया करता था, जो काफी संघर्ष से भरा रहा। घर में मां और छोटे भाई-बहनों ने मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई पूर्ण करने में मदद की, जिनके सहयोग से ही कॉलेज की फीस जमा करता था। घर के नजदीक क्लिनिक और मेडिकल स्टोर की शुरुआत की, जिससे वर्तमान में घर में आर्थिक रूप से सहयोग कर रहा।

# ई-कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर आज से नेशनल वर्कशॉप

**रायपुर।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ई- कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ़ स्टडीज विषय पर तीन दिवसीय 5 से 7 दिसंबर तक नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पं. रविवि के पूर्व कुलपति व प्रोफेसर एसके पांडेय सुबह 10:30 बजे करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग युवा विकास संगठन शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा करेंगे। विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी एवं विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज मिश्रा ने बताया कि हाइब्रिड मोड़ में आयोजित कार्यशाला उदघाटन समारोह के बाद प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार पटले होंगे, दूसरे तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डा. महेश एन. जीवानी ( प्रोफेसर एवं हेड डेवलपमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात वर्कशॉप को संबोधित करेंगे। वर्कशॉप में विप्र एवं विवेकानंद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहित पंजीकृत शोधार्थी शामिल होंगे।

## क्रिसमस को लेकर सजावटी सामान खरीदने बाजार पहुंच रहे लोग

# नर्सरी में कोलकाता, पुणे, बैंगलोर से पहुंचे क्रिसमस ट्री, चर्च व घर सजाने 2-3 फीट ऊंचे पौधे की डिमांड

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** क्रिसमस सेलिब्रेशन से पहले बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। जहां प्रभु यीशु के जन्म को उत्सव का रूप देने के लिए परिवारों में तैयारी का दौर तेज हो गया है। अपनों को गिफ्ट देने के साथ सजावटी सामान खरीदने के लिए भी लोग बाजारों में पहुंच रहे हैं। बाजार में क्रिसमस ट्री बेचने के लिए दुकानें भी सज चुकी, वहीं आगामी उत्सव के चलते डिमांड भी बढ़ी है। इस बार भी मसीह समाज के लोग घरों में 25 दिसंबर से पहले क्रिसमस ट्री सजाएंगे। इसके लिए नर्सरी में क्रिसमस ट्री की खरीदी के लिए लोग भी पहुंच रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार भी कोलकाता, पुणे और बैंगलोर से मंगाए गए प्लास्टिक के क्रिसमस ट्री की डिमांड है। इसे लोग गिफ्ट देना पसंद करते है। घरों- आफिस में सजाने के लिए 2-3 फीट ऊंचे क्रिसमस ट्री को ही लोग खरीद रहे हैं।



### दूसरे शहरों से भी मंगाते हैं- ट्री

नर्सरी में लोगों की पसंद के पौधे सहेजने वाले पीके मम्डी ने बताया कि कोलकाता, बैंगलोर और पुणे से क्रिसमस ट्री मंगाते है। इस बार एक व दो फीट ऊंचे पौधे की कीमत 250 रुपए है। क्रिसमस में ज्यादातर लोग अपनों को खुशी का इजहार करते हुए गिफ्ट देते हैं। कुछ लोग क्रिसमस ट्री और गोल्डन फाइकस का पौधा भी उपहार में देते हैं। यह क्रिसमस ट्री की तरह होता है। इसे अधिक देखभाल की जरूरत नहीं होती है। वहीं एक वर्ग घर आफिस को लाइटों से सराबोर करने के लिए सजावटी सामानों की तरफ रूख करने पर उन्हें 70-80 रुपए में ही कई तरह वेरायटी मिल रही है।

### नर्सरी में भी बढ़ रही पूछ-परख



आकाश रतनाकर और दासरची साहू की नर्सरी में इन दिनों क्रिसमस ट्री खरीदने वाले लोग बढ़ने लगे हैं। बताया कि इसे देखते हुए कुछ माह पहले ही क्रिसमस ट्री की खरीदी कर लेते है। कई लोग छोटे पौधो की खरीदी 2-3 माह पहले ही कर लेते है। क्रिसमस के पौधे को अधिक पानी, खाद्य व देखभाल की जरूरत नहीं होती। यह कम समय में पौधा का रूप ले लेता है। छोटे पौधे की कीमत 120 रुपए से शुरू होती है, 3-5 फीट के पौधे को 3-4 हजार में बेचते है। अभी लोग 2-3 फीट के पौधे ही ज्यादा लेते हैं। सजावटी सामग्री की मदद से इसे तैयार किया जाता है।

### आकर्ष प्लास्टिक क्रिसमस ट्री

गिफ्ट दुकान के संचालक रोहित ने बताया क्रिसमस से 2 सप्ताह पहले प्लास्टिक क्रिसमस ट्री के आर्डर बढ़ जाते हैं। समान्य रूप से क्रिसमस ट्री की खरीदी दिल्ली और मुंबई से की जाती है। इसकी कीमत सौ रुपए से लेकर 1000 तय होती है। साथ ही पेड़ पर लगाने के लिए लाइट, हैंगर, गिफ्ट व अन्य सजावटी वस्तुएं दुकान में मौजूद है। कुछ लोग पेड़ को कस्टमाइज भी करवाते है। लाइट, किताब,मनपसंद सामग्री को गिफ्ट देने के लिए पैकिंग भी करवाते हैं।

धर्म लाइव

## कैरोल गायन से समाज के बीच प्रभु यीशु के आने का संदेश पहुंचा रहे मसीही युवा



**रायपुर।** हर की तरह प्रभु यीशु के आने की खुशी और उसे उत्सव के रुप में मनाने के लिए गिरजाघरों में तैयारी का दौर तेज हो गया है। सेंट पॉल्स चर्च के कैरोल गायन दल ने मसीही परिवारों के बीच प्रभु यीशु के आने का संदेश देने के लिए कैरोल सिंगिंग भी शुरु किया है। इसके लिए हर वर्ग के लोगों को मिलाकर दल बनाए गए हैं। सेंट पॉल्स रेव्ह. सुनील कुमार, रेव्ह. सुशील मसीह, डीकन मनशीश, केजू डीकन और जीवन मसीह दास की अगुवाई में कैरोल सिंगिंग पार्टी भी गायन के लिए निकलने लगी है। इसमें शामिल हर वर्ग के लोग मसीही जन के बीच अलग-अलग बस्तियों और कॉलोनियों में भी कैरोल सिंगिंग करने के लिए पहुंचने लगे हैं। गायन दल जिस क्षेत्र में मसीही समाज के बीच पहुंचता है, वहां उनका स्वागत किया जाता है।

### निकल रहे समाज में खुशियां बांटने

कैरोल दल के प्रमुखोंने बताया कि दिसंबर महीना शुरू होते ही क्रिसमस का आगाज कैरोल सिंगिंग से ही होता है। इसे देखते हुए अब कैरोल सिंगिंग का सिलसिला मसीह समाज के युवाओं ने शुरू कर दिया है।अब वे प्रभु यीशु के आगमन को लेकर घर-घर जाकर कैरोल गायन के माध्यम से संदेश सुनाने पहुंचने लगे हैं। यीशु मसीह के आगमन के गीतों से खुशियां बांटने के लिए निकलने लगे है। इस श्रृंखला में सेंट पॉल कैथेड्रल ने बुधवार को अमलेश्वर में कैरोल दल सिंगिंग के लिए समाज के बीच दस्तक देने पहुंचा। सिंगिंग दल के लोगों ने बताया कि हर दल में सांता क्लॉज भी है। हम जिस घर या कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच जाते हैं, वहां कैरोल गायन के बाद आस-पास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए सांता क्लॉज बनकर चॉकलेट और गिफ्ट भी लोगों के बीच जाकर देते हैं।

● अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस : आत्म निर्भरता के साथ पनपता है सेवा भाव, संयमित जीवन ही मूल अधार

# एनसीसी में जो सिखा उसे भूला नहीं पाए, अच्छी सीख और अच्छी आदतें अब जीवन का हिस्सा

शहर की आबोहवा जहां एक तरफ युवाओं को गलत संगत नशे की आगोश में लेकर जा रही हैं। कई अपराध में पकड़े जाते हैं। ऐसे दौर में राष्ट्रीय कैडेट कोर का हिस्सा स्कूल, कॉलेज में रहने वाले विद्यार्थी अब भी वहां मिली अच्छी सीख को भूला नहीं पाए हैं। कईयों ने तो इसे जीवन का हिस्सा बना लिया है।

**रायपुर।** होटलों में खाना-खाने जाने पर भी वे अपना प्लेट धोने के लिए उठा लेते हैं, तब वेटर रोकते हैं। अर्तराष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने एनसीसी से जुड़े युवाओं से बात की तो कई रोचक जानकारी सामने आई, जिसे दैनिक जीवन में आदत के रूप में सहेज सकते हैं।



### अच्छी सिख जो सबके लिए जरूरी

- सुबह सूर्योदय से पहले उठने की आदत
- रोज कपड़े धोना और प्रेस करना
- सुबह दैनिक व्यायाम अनिवार्य करना
- अपना प्लेट खाने के बाद उठाना व धोना
- सुबह उठते ही सबसे पहले बिस्तर समेटना

### जूते की चमक बनाए रखने की आदत

पुरानी बस्ती में रहने वाले अशिता अग्रवाल ने बताया कि बीएससी की पढ़ाई के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर का हिस्सा रही।



इस दौरान मेरे जीवन में कई ऐसी आदते जुड़ी, जो अब जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। सुबह उठते ही बिस्तर साफ करने के बाद हर काम को प्रापर करने के साथ ही खाना पकाने के साथ ही खाने के बाद अपनी थाली खुद धोने जैसे कई आदते हैं। होटल जाने पर कई बार हाथों में प्लेट लेकर उसे साफ करने जाते देखकर वेटर ही रोक देते हैं। तब भी मन की संतुष्टि के लिए जहां उसे साफ किया जाता है, वहां तक छोड़ती हूं। साफ-सफाई के साथ जूते की चमक बनाए रखने की आदत अब भी कायम है।

### हर काम को टाइम पर करना सिखा



कोटा में रहने वाले यश साहू अभी एनसीसी से जुड़े हैं। उनका मानना है कि जीवन में कई अच्छी आदते पढ़ाई जीवन में भी बन जाती हैं। कैम्प और नीजि जीवन में भी हर काम को टाइम पर पूरा करने का फन राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ने के बाद सिखने को मिला। इसका फायदा हमें अभी तक मिल रहा है। दैनिक दिनचर्या में भी काफी बदलाव आया है। इसके साथ ही आते-जाते रास्ते में किसी को परेशानी में देखकर उसकी हेल्प करने का प्रयास अभी भी करते हैं। समाज के बीच लोगों की सुविधा के लिए काम करने में गुरेज नहीं करते हैं। सफाई हो या मोहल्ले, कॉलोनी में पानी जाम, व्यवस्था भी बना देते हैं।

### नहीं बदली स्कूली शिक्षा के दौरान बनी..

स्क्वाड्रन लीडर डॉ. विजय कुमार चौबे दुर्गा कॉलेज में एयर विंग एनसीसी अधिकारी हैं। बताते हैं कि 1984-85 में जब स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहा था,उसी समय राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ा। खुद को मेंटेन करना बड़ी चुनौती होती थी। अभी सुविधा बढ़ने से चुनौतियां कम हो गई हैं। पहले कैम्प के लिए टेंट बनाते समय कई चीजों का ध्यान देना पड़ता था। चुनौतियां ज्यादा थी। खादी के ड्रेस को माड से धोने और सुखाने के बाद प्लेन तल वाले पात्र में गर्म कोयला डालना और कपड़े प्रेस करना तब आसान नहीं था। विगत 28 साल से सेवा से जुड़ा हूं, लेकिन स्कूल के समय बनी अच्छी आदते अभी भी जीवन का हिस्सा हैं।

### अब बच्चों में भी डाल रहे वहीं आदत

गोढ़ी गांव के पास स्थित एक प्राइवेट स्कूल में राष्ट्रीय कैडेट कोर का मैनेजमेंट देखने वाले खुमेश साहू ने बताया कि पढ़ाई के दौरान कैडेट रहा। वहां सिखाई गई आदत अब जीवन का मूल आधार बन चुका है। आत्म निर्भरता की भावना खुद पर भरोसा करने की आदत डालती है। इससे घर-परिवार के लोगों को भी राहत मिलती है। अब बच्चों में भी अच्छी आदत डालने के लिए प्रयास करता हूं। इससे वे आने वाले समय में अच्छे नागरिक के रूप में समाज का आधार बनेंगे। बच्चों को अपने आस-पास सफाई रखने, बड़े के सामने अदब से बात करने, किसी बात को रिएक्ट करने से पहले विचार करने की आदत डाल रहे हैं।

आराधना

## धर्म का मतलब आत्मा की शुद्धि है, परोपकार केवल धन या वस्तुओं तक सीमित नहीं



**रायपुर।** अक्षर ज्ञान आपको विद्वान बना सकता है। अवसर ज्ञान आ गया, तो महान बन जाएंगे। अवसर मतलब दुर्लभ मानव जीवन का महत्व समझिए। आत्मकल्याण के लिए पुरुषार्थ करिए। अपनी लक्ष्मी दूसरों की भलाई के लिए खर्च करें। साधर्मिक भक्ति करें। रिगालिया सोसाइटी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। उन्होंने कहा, धर्म का असल मतलब आत्मा की शुद्धि है, न कि बाहरी आचार-व्यवहार। यह शुद्धि तब होती है जब हम दूसरों के साथ दया और सहानुभूति से पेश आते हैं। परोपकार का मतलब सिर्फ दूसरों की मदद नहीं, बल्कि अपने कर्मों से उनका जीवन बेहतर बनाना भी है। परोपकार केवल धन या वस्तुओं तक सीमित नहीं, यह आपके आचार-विचार, शब्द, और कर्मों में भी होना चाहिए।

### उदाहारण देकर समझाया भाव अर्थ

एक व्यक्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया, मन के भाव बहुत मायने रखते हैं। एक व्यक्ति ने प्रतिदिन दूसरों की सहायता करने का संकल्प लिया। शुरुआत में वह रोज 10 हजार खर्च करता था। पुण्य ऐसे कि एक समय ऐसा भी आया, जब उसने रोज 50 लाख सेवा पर खर्च किया। संतश्री ने कहा, हमेशा दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें। अहिंसा का पालन करें। दया और सच्चाई के मार्ग पर चलें। इस दौरान महिला मंडल ने भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमयी समा बांधा। धर्मसभा में प्रकाश जी सुराणा नरेश बुरड़, पवन जैन, हितेश टाटिया, संदेश पारख, दिलीप गोलछा गोलछा आदि मौजूद रहे।

# पत्नी वह है, जो पति को विनाश से बचाए, पति प्रसन्न तो घर में चलकर आएगी सुख-समृद्धि

**श्रीमहामाया मंदिर के सत्संग भवन में पं.शंभू शरण लाटा महाराज के उद्गार**



**रायपुर।** भगवान भाव को ही नहीं, भावना को भी समझते हैं। जीवन को धन्य करना है, तो भगवान से संबंध बना लो। भगवान को माता-पिता, गुरु, भाई, मित्र, पुत्र बनाने की भावना जागृत करने से इस कलयुग में जीवन धन्य हो जाएगा। श्री राम कथा की कड़ी में श्री महामाया मंदिर के सत्संग भवन में यह बात बुधवार को कथावाचक पं. शंभू शरण लाटा महाराज ने कही। शिव - पार्वती प्रसंग में बताया कि अगर सुख से जीना है तो श्री रामकथा दो घुट पी लेना, क्योंकि रामकथा गंगा में गोता लगाने जैसा हैं। सती के प्रसंग में आगे कहा कि पत्नी वह है जो पति को विनाश से बचा ले। पत्नी ऐसी होनी चाहिए जो पति को भवसागर से पार लगा दे। पति के दीर्घायु सुख- शांति, समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत करती है। लेकिन पति कैसे प्रसन्न हो उसका ध्यान नहीं रखती। जबकि पति प्रसन्न होंगे तो स्वयं सुख- शांति और समृद्धि की प्राप्ति होगी।



### अंधेरा हो तो रस्सी ही सांप लगता है

जब ज्ञान का अंधेरा हो तो रस्सी ही सांप लगता है। कोई संत, ज्ञानी, प्रकाश दे तो वास्तविकता का बोध होता है कि वह सर्प नहीं रस्सी है। हमारा जीवन भी एक रस्सी जैसा है। कोई गुरु जीवन में प्रकाश प्रदान करें तो वास्तविकता का बोध हो जाता है। राम कथा सबको मुक्ति दिलाने वाली गंगा है। जटा से निकलने वाली गंगा में लोग डूब जाते हैं। लेकिन मुख से निकलने वाली कथा रूपी गंगा भवसागर से पार लगा देती है। मनुष्य का कान सर्प का बिल है, आंख मोर पंख है। मस्तक कटे हुए तुमा के समान है। कथा में ताली बजाने से पुण्य की प्राप्ति होती है। कलयुग में पाप रूपी वृक्ष को कथा रूपी कुल्हाड़ी ही काटती है।

### तीन जन्मों तक उस श्राप को भोगना

प्रभु निर्गुण निराकार है ऐसा कहते हैं, लेकिन प्रभु निराकार होते हुए भी साकार है। जय विजय रूपी द्वारपालों ने महात्माओं को दरवाजे पर रोक दिया तो उन्हें श्राप मिला। तीन जन्मों तक उस श्राप को भोगना पड़ा। प्रभु के प्रति भाव हो तो बहस का कोई स्थान नहीं है। प्रभु के लिए केवल हां होना चाहिए बुढ़ापा आ जाए तो भजन में लग जाना चाहिए। मनु शतरूपा ने वान प्रस्थ गमन करते हुए हरि भजन किया। उसके पुण्य प्रभाव का वर्णन भी महाराज ने किया। इसके पहले राम जन्म को महाराज ने प्रसंग से जोड़ा। श्रोताओं को आनंद शर्मा, पं. विजय कुमार झा ने व्यवस्था से जोड़ने इस बार भी बेहतर इंतजाम किया है।

# मंदिरों में निभाई जा रही राम-जानकी विवाह की रस्में, कल बारात स्वागत



**रायपुर।** माता सीता और भगवान राम की विवाह पंचमी से पहले ही शहर के मठ -मंदिरों में मिथिला की बेटी के लिए विवाह मंडप की रस्मों को रोज विधि-विधान से निभाया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए इस बार मिथिलावासी भी रायपुर आए हैं। गुरुवार को भी विवाह से पहले की रस्मों में वे शामिल भी हो रहे हैं। 6 दिसंबर को राम-जानकी मंदिर में विवाह उत्सव मनाया जाएगा। जहां पहले से ही मंडप में पूजन, विवाह की रस्म से पहले साज-सज्जा की तैयारी भी शुरू हो गई है। दूधाधारी व जैतुसाव मठ के साथ गोपीदास मंदिर में भी विवाह उत्सव भक्ति-भाव से मनाया जा रहा। इन दिनों मेहंदी, हल्दी उत्सव को विधि-विधान से किया जा रहा है।

### संध्या आरती के बाद विवाह गीत

गोपीदास मंदिर के महंत राजीव शरण महाराज के मार्ग-दर्शन में राम-जानकी विवाह की रस्म को 27 नवंबर से मंदिर में उत्सव के रूप में निभाया जा रहा हैं। एक दिसंबर से हरिद्रा लेपन उत्सव जारी है। मंदिर में आकर्षण का केंद्र मिथिला के लोग है। जो विशेष रूप से उत्सव में शामिल होने राजधानी आए है। विवाह में वर-वधु के लिए मेहंदी, हल्दी के साथ मिथिला से सीता के लिए आकर्षक कपड़े भी लेकर आए हैं। उसकों पारंपरिक तरीके से इसे तैयार किया गया है। विवाह की तैयारी एवं रस्मों में महिलाओं का विशेष सहयोग है। रोज दोपहर 12 बजे से हरिद्रा लेपन और दोपहर 3 बजे से अखंड मानस पाठ किया जा रहा। संध्या आरती के बाद विवाह गीत एवं भजन संध्या भी जारी है।



### सुबह 11 बजे शुरू होगा विवाह

*गोपी दास मंदिर में 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे से विवाह की रस्मों को निभाया जाएगा। ब्राम्हणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विवाह का नियम कराया जाएगा। इस बार स्वर्ण श्रृंगार एवं मिथिला की पोशाक को लेकर तैयारी है। विवाह के बाद भोग, भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जैतुसाव मठ के मुख्य पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि बुधवार को मठ में तेल हल्दी एवं मेहंदी रस्म की गई। पारंपरिक पत्तों से तैयार की गई मेहंदी तैयार की गई। सभी रस्मों में पारंपरिक सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं। उत्सव की कड़ी में शुक्रवार को सुबह से विशेष पूजा- अर्चना का आयोजन होगा।*

समाज इवेंट

## अंग्रेजी हमें पैकेज दे सकती है लेकिन संस्कार मातृभाषा



**रायपुर।** हम अपनी माटी, मातृ भाषा और मातृभूमि की पवित्रता का सदैव सम्मान करें। हमें सदैव अपनी क्षमता और अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। कहा देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता एवं विशिष्टता भारतीय भाषाओं को भावात्मक रूप से जोड़कर सशक्त बनाती है। कार्यक्रम के माई पहुना जनप्रिय विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुई, जिन्होंने कहा भाषा में निरंतर प्रवाह रहना चाहिए। सहज सरल छत्तीसगढ़ी हमें आगे बढ़ाती है। छत्तीसगढ़ी के सिनेमा में प्रयोग और परिवेश के अनेक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को जानकारी दी।

### छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर आयोजन

रविवि के साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला द्वारा 'छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस' का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजभाषा आयोग के पूर्व सचिव पद्मश्री सुरेंद्र दुबे उपस्थित रहे। जिन्होंने कहा छत्तीसगढ़ी सशक्त भाषा है,इसे आठवीं अनुसूची में स्थान मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ी हमारी मां स्वरूप है, अंग्रेजी हमें पैकेज दे सकती है लेकिन संस्कार मातृ भाषा ही देती है। व्यक्ति को संज्ञानात्मक ज्ञान,कल्पना, स्मृति,तर्क,तुलना, शिष्टाचार मातृ भाषा से ही सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला की अध्यक्ष प्रो. शैल शर्मा,डॉ. स्मिता शर्मा, प्रो. कल्लोल के घोष, प्रो. रोहिणी प्रसाद, प्रो. बी एल सोनकर, डॉ. डी एन खूंटे, डॉ.नीलाभ कुमार, डॉ. गिरजा शंकर गौतम उपस्थित रहे।

**बाजार में 30 फीसदी ही रह गई है कैलेंडर और डायरी की मांग**

# नए साल पर डायरी और कैलेंडर खरीदने का ट्रेंड हुआ फीका, ग्रीटिंग कार्ड की जगह पर लाइटिंग मैसेज बनी पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बदलते समय के साथ नए साल पर जश्न मनाने का तरीका बदल गया है। इस वजह से अब बाजार का ट्रेंड भी पहले जैसा नहीं रहा। दस साल पहले शहर में ग्रीटिंग कार्ड, डायरी और कैलेंडर को लेकर सर्वाधिक मांग युवाओं की होती थी। दुकानों में कपल, दोस्त के लिए अलग-अलग ग्रीटिंग कार्ड आते थे, जो अब न के बराबर हो चुके हैं। इस साल बाजार से नए साल पर सुविचार वाले कार्ड ही गायब हो चुके हैं। दुकानदारों कहना है कि मांग कम होने से कंपनियों ने कार्ड बनाने ही बंद कर दिए हैं। हरिभूमि ने नए साल में बदलते ट्रेंड को लेकर शहर के गिफ्ट दुकानों के संचालकों से बातचीत की। एक गिफ्ट शॉप के संचालक आयुष ने बताया, सोशल मीडिया ने पुरानी परंपरा को खत्म ही कर दिया है। युवा अब ग्रीटिंग कार्ड की जगह पर लाइटिंग मैसेज गिफ्ट खरीद रहे हैं। यह एक तरह का लैंप होता है, जिसमें आप सभी खास अवसर के संदेश एलईडी लैंप में लगा सकते हैं। बीते कुछ सालों में नए साल पर ग्रीटिंग कार्ड खरीदने 3 से 4 लोग ही पहुंचते हैं। इसके अलावा बाजार में युवा ऐसे गिफ्ट खरीदना पंसद कर रहे हैं, जो उपयोगी हो और उनकी फीलिंग्स भी गिफ्ट में दिखाई दे। कॉलोनियों में भी पार्टियां केक काटने तक ही सीमित हो चुकी हैं। अब इसकी जगह होटलों ने ले ली है।





### साउंड अलार्म बना खास गिफ्ट

नए साल के लिए इन दिनों बाजार में कपल सेट, स्टोन, हार्ट, ताजमहल, लाइटिंग वाले गिफ्ट की अधिक मांग है। इसके अलावा साउंड अलार्म घंटी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। इसमें फोन के जरिए पंसदीदा अलार्म ट्यून सेट कर सकते हैं। साथ ही यह सुविचार भी देता है। सुबह को खास बनाने लोग इस अलार्म घड़ी को खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 800 रुपए तक है। दुकानदारों का कहना है कि नए साल पर ग्रीटिंग कार्ड का चलन घटने के बाद अब गिफ्ट को लेकर भी रुझान कम होने लगा है।

### नहीं बिक पाई पिछली साल की डायरी



नए साल में तीन दिन बच गए हैं, लेकिन बाजार में कैलेंडर, डायरी की मांग अब भी नहीं है। गोलबाजार स्थित एक दुकान के संचालक हेमंत साहू ने बताया, 2023 की 150 से अधिक डायरी और कैलेंडर सालभर नहीं बिक पाए। इस साल इसकी मांग लोगों के बीच 30 फीसदी ही है। बाबूलाल चतुर्वेदी कलैंडर ही चलन में है। पहले लोग नए साल पर डायरी को गिफ्ट के रूप में खरीदते थे, लेकिन डायरी भी मांग और बिक्री कम हो चुकी है। होलसेल दुकान होने के बाद भी 60 डायरी ही बिक पाई है। उन्होंने बताया कि स्लोगन ग्रीटिंग आने बंद हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ते सोशल मीडिया का उपयोग है। कोरोना से पहले नए साल पर 200 से अधिक ग्रीटिंग बिक जाते थे। दिसंबर के महीने में हर दिन 2 से 3 कार्ड बिकते थे। अब यह स्थिति नहीं है।

## हेल्थ टिप्स

### संभालिए अपना दिल, बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले



हृदय रोग वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है, लगभग सभी उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। वैश्विक हेल्थ रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशकों में हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है, लेकिन कोरोना महामारी की शुरुआत से यह एक गंभीर समस्या बनकर उभरा है।

एक-दशक पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के तौर पर देखा जाता रहा था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसका खतरा देखा जा रहा है। इतना ही नहीं साल-दर साल यह जानलेवा रोग नई-नई चुनौतियां भी बढ़ाते जा रहा है।

अब हम 2024 के समापन की तरफ बढ़ रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि इस साल हृदय रोगों और इसके कारण हुई समस्याओं पर एक नजर डाला जाए, जिससे सीख लेते हुए अगले साल और आने वाले वर्षों में हृदय को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है, इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जा सके।

#### सभी उम्र के लोगों में देखी गई हृदय रोगों की समस्या

हृदय रोगों का जोखिम पूरे साल देखा गया। 20 साल से भी कम उम्र के लोगों की कहीं डीजे पर डांस करते, जिम में वर्कआउट के दौरान मौत के मामले रिपोर्ट किए गए। जिन लोगों को पहले से ही क्रोनिक हार्ट की समस्या



रही है उनके लिए भी ये साल काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि कोरोना के कारण हुए हार्ट पर असर के अलावा लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की समस्याओं का जोखिम अधिक बढ़ा। वहीं इस साल कई बच्चों में भी हार्ट की समस्याएं रिपोर्ट की गई, डॉक्टर्स का कहना है कि इनमें से ज्यादातर को जन्मजात हृदय से संबंधित दिक्कत थी।

#### स्वास्थ्य मंत्री ने किया सावधान

साल 2024 में बढ़ते हृदय रोगों और इसकी जटिलताओं के कारण मौत के मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सभी लोगों को हृदय की देखभाल करते रहने की सलाह दी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जो लोग कोरोना के गंभीर रोग के शिकार रह चुके हैं, उनको कठिन शारीरिक परिश्रम या व्यायाम से बचना चाहिए, इससे उनमें दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ सकता है। मंडाविया ने गुजरात में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक



अध्ययन से पता चलता है कि गंभीर कोविड-19 संक्रमण से उबर चुके युवाओं में दिल के दौरे के मामले बढ़ रहे हैं।

#### आईसीएमआर ने अध्ययन में किया अलर्ट जारी

आईसीएमआर के विशेषज्ञों ने एक अध्ययन में बताया कि कोविड-19 के बाद सडेन हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। संक्रमण के दुष्प्रभावों के कारण कम उम्र के लोग भी इसके शिकार रहे हैं। कोविड के शिकार या जिन्हें संक्रमण नहीं भी हुआ उनमें भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। हार्ट अटैक के कारणों को जानने के लिए शोधकर्ताओं ने हार्ट अटैक से मरने वाले 100 से अधिक लोगों की जांच की। इसमें पाया गया कि इसमें ज्यादातर वे लोग थे, जो महामारी के दौरान संक्रमण की चपेट में आए थे। शवों की एमआरआई जांच में कोरोना के कारण हृदय-फेफड़ों की समस्याओं के बारे में भी पता चला।

● आंखों में सूखापन होता है कई वजहों से, रहें सचेत

# सर्दियों में बढ़ जाती है आंखों की ये बीमारी, आपकी भी हैं ऐसी आदतें तो इन्हें छोड़कर तुरंत हो जाएं सावधान

सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ड्राई आइज तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ठंडे मौसम के कारण श्वसन संक्रमण के अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं, जोड़ों में दर्द और हार्ट की दिक्कतें भी काफी बढ़ जाती हैं। ये मौसम आपकी आंखों की सेहत के लिए भी काफी दिक्कतें बढ़ा सकता है। सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ठंडी-शुष्क हवा और घर के अंदर हीटर के इस्तेमाल के कारण ये दिक्कत होना काफी आम है। जिन लोगों को पहले से ही ये समस्या रही है उन्हें इस मौसम में और भी सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं ड्राई आइज की दिक्कत तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। इस वजह से आपको आंखों में लालिमा, जलन और किरकिरापन महसूस होता रह सकता है। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?



### ड्राई आइज के होते हैं ऐसे लक्षण

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक आंखों में सूखापन के कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इस वजह से आंखों में अक्सर चुभन, जलन या खुजली जैसी दिक्कत होते रहना आम है। इसके अलावा आप प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, आंखों में कुछ होने का अहसास, रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई और धुंधला दिखाई देने की समस्या भी महसूस कर सकते हैं। शुष्क हवा में या फिर हीटर के पास बैठने से ये दिक्कतें और भी बढ़ सकती हैं।

### आंखों में रहता है सूखापन तो हो जाइए सावधान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक जिन लोगों को आंखों में सूखापन की दिक्कत है, उन्हें समय रहते इसका इलाज जरूर करा लेना चाहिए। अगर आंखों की इस समस्या का सही से उपचार न हो पाए तो इसके कारण आंखों में संक्रमण होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। समय के साथ आपकी आंखों की सतह को नुकसान होने और गंभीर स्थितियों में आंखों में सूजन, कॉर्नियल सतह का घिसाव, कॉर्नियल अल्सर और दृष्टि हानि तक हो सकती है। ड्राई आइज की समस्या के कारण आपके लिए रोजमर्रा के कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है, इससे क्वालिटी ऑफ लाइफ भी प्रभावित हो सकती है।

### ड्राई आइज की समस्या है तो क्या करें?



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी कहते हैं, जिन लोगों को ड्राई आइज की दिक्कत है उन्हें कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लक्षणों को कम करने के लिए किसी डॉक्टर की सलाह पर आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आंखों में नमी बनाए रखना आसान हो सकता है। इसके अलावा जीवनशैली में बदलाव भी बहुत जरूरी है। धुएं, हवा और एयर कंडीशनिंग से बचने की कोशिश करें। सर्दियों में हीटर के सीधे सामने न बैठें, इससे भी आंखों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

# जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

**भुवनेश्वर में 7 से 11 दिसंबर तक होगा आयोजन**

**रायपुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के 39वी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर (ओडिशा) मे 07 से 11 दिसंबर तक आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम के 70 खिलाड़ी एवं 5 ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता सब-जूनियर (अंडर-14 एवं अंडर-16) बालक/बालिका और जूनियर (अंडर-18 एवं अंडर-20) बालक/बालिका आयु वर्ग जिसमे 60 मी., 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, 600 मी., 800 मी॰, 1000 मी., 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, 80 मी हर्डल्स, 100 मी हर्डल्स, 110 मी हर्डल्स, 400 मी हैंडल्स, 3000 मी स्टेपलचेज, हाई जंप, ट्रिपल जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, रेस वॉक, ट्राथलॉन, पेंटाथलॉन, हेप्टाथलॉन, रिले रेस आदि इवेंट होगा।

खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ एथ्लेटिक्स संघ के चयनकर्ता के द्वारा 21वी राज्य स्तरीय एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता, 35वी वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं चयनप्रक्रिया के परफॉर्मेंस और एएफआई के मापदण्डो के आधार पर किया गया है।

चयनित खिलाड़ियों में बालोद - कुमकुम खरे अंडर 16 गर्ल्स 60 मी॰ रेस एवं लॉन्ग जंप, अश्विन अंडर 16 गर्ल पेंटाथलान, देविका यदु अंडर 18 गर्ल्स 3000 कि रेस वॉक।



बलौदा बाजार - संधानी साहू अंडर 18 गर्ल्स शॉट पुट। बिलासपुर-अभिषेक सिंह अंडर 16 बॉयज़ हाई जंप, प्रतीक सरोवर अंडर 16 बॉयज शॉट पुट, अर्पित चौहान अंडर 16 गर्ल्स हाई जंप, निखिल साहू अंडर 18 बॉयज 100 मी॰ रेस, आदित्य वर्मा अंडर 18 बॉयज 1000 मी॰ रेस, हर्ष निषाद अंडर 18 बॉयज 1000 मी॰ रेस, गजेंद्र सिंह अंडर 18 बॉयज 400 मी॰ रेस, श्याम जी दुबे अंडर 18 बॉयज 5000 मीटर रेस वॉक, शीतल कुशवाहा अंडर 18 गर्ल्स 1000 मी॰ रेस, हर्ष साहू अंडर 18 गर्ल्स 1000 मी॰ रेस, तान्या कैवर्त अंडर 18 गर्ल्स 400 मी॰ रेस एवं हेप्टाथलान, चाँद भारद्वाज अंडर 18 गर्ल्स लॉन्ग जंप, अमित कुमार अंडर 20 बॉयज 10000 मीटर रेस वॉक, नैतिक सोनकर अंडर 20 बॉयज 1500 मी॰ रेस एवं 800 मीटर रेस, तर्निका टेटा अंडर 20 गर्ल्स 100 मीटर एवं लॉन्ग जंप, सिया सिंह अंडर 20 गर्ल्स 400 मीटर रेस।

# भूलकर भी इन फलों और सब्जियों को न रखें साथ



आज के समय में अक्सर देखा जाता है कि लोग समय का अभाव होने की वजह से एक साथ ही हफ्ते भर की फल और सब्जियां लेकर आते हैं। इन सभी को लाकर एक साथ ही फ्रिज में रख दिया जाता है। लोगों का ऐसा मानना होता है कि फ्रिज में सब्जियां ज्यादा समय तक ताजी रहती हैं और सड़ने से बची रहती हैं। ऐसा करने से लोगों की मुश्किल आसान हो जाती है पर, क्या आप जानते हैं कि कुछ फल और सब्जियां ऐसी होती हैं, जिन्हें साथ में रखने से ये जल्दी सड़ने लगती हैं।

दरअसल, कई फलों और सब्जियों में अलग-अलग तरह के एंजाइम और केमिकल पाए जाते हैं। यही वजह है कि, इन सब्जियों और फलों को एक साथ रखा जाए तो ये जल्दी सड़ने लगती हैं। ऐसे में हर किसी के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि किस तरह की सब्जियों और फलों को अलग-अलग रखना चाहिए। अगर बात करें ब्रोकली की तो ये एथिलीन सेंसटिव होती हैं। अगर आप इसे सेब, अंजीर और अंगूर जैसे फलों के साथ रखेंगे तो इसकी लाइफ 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। फ्रिज में ऐसे रखने से ब्रोकली दो या तीन दिन तक ही फ्रेश रह पाती है।

# वेटरन क्रिकेट में कलीम, दिनेश और चंद्रशेखर रहे प्लेयर ऑफ द मैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन 01 से 07 दिसंबर तक चल रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग के मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर तथा आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेले जा रहें हैं। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। बुधवार को 3 मैच खेले गये।



पहला मैच स्टील टायटन्स, भिलाई तथा क्यु.सी.आई.क्लब, रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 189 रन बनाये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से नरेश कश्यप ने शानदार 70 रन तथा कृष्ण कुमार द्विवेदी ने 52 रन बनाये। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से बृजेश पांडे, आशीष तथा संतोष सोनी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टील टायटन्स, भिलाई की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 170 रन ही बना सकी। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से क्रांति वर्मा ने 74 रन तथा संदीप मोरे ने 28 रन बनाये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से कलीम खान ने 3 विकेट प्राप्त किए। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने मैच 19 रनों से जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर के कलीम खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आज का दूसरा मैच सनशाइन, रायपुर तथा इनफिनिटी के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान रायपुर में खेला गया। इनफिनिटी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सनशाइन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 177 रन बनाये। सनशाइन की ओर से धनराज बनर्जी ने 55 रन तथा मुजाहिद हक ने 30 रन बनाए। इनफिनिटी की ओर से अत्री शर्मा तथा राजेश ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इनफिनिटी की टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। इनफिनिटी की ओर से विक्रम बत्रा ने 73 रन तथा अत्री शर्मा ने 34 रन बनाये। सनशाइन की ओर से दिनेश गोयल ने 3 विकेट प्राप्त किये। सनशाइन ने मैच 6 रनों से जीत लिया। सनशाइन के दिनेश गोयल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



आज का तीसरा मैच शिवाय टायगर्स, रायपुर तथा प्रगति प्राइड के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। प्रगति प्राइड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। शिवाय टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 19 ओवरों में 10 विकेट खोकर 113 रन बनाये। शिवाय टायगर्स, रायपुर की ओर से डेसमंड डगलस ने 27 रन तथा रामेश्वर ने 20 रन बनाये। प्रगति प्राइड की ओर से चंद्रशेखर ने 4 विकेट प्राप्त किये। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रगति प्राइड की टीम ने 16.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रगति प्राइड की ओर से अजित टुटेजा ने 36 रन तथा राहुल गंधोक ने 22 रन बनाये। शिवाय टाइगर्स की ओर से यशवंत ने 2 विकेट प्राप्त किये। प्रगति प्राइड ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। प्रगति प्राइड के चंद्रशेखर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी से लेकर गिनीज तक है दबदबा दुआ लीपा की नेट वर्थ कर देगी हैरान



पॉप सिंगर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता दुआ लिपा 30 नवंबर को मुंबई में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट करने वाली हैं। इससे पहले दुआ वर्ष 2019 में नवी मुंबई में वनप्लस म्यूजिक फेस्टिवल में प्रस्तुति दे चुकी हैं। अपने कॉन्सर्ट के लिए वह भारत पहुंच चुकी हैं। आइए जब अल्बानियाई गायिका भारत पहुंच चुकी हैं तो उनकी नेटवर्थ के बारे में जान लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक के रूप में जानी जाने वाली दुआ की कुल संपत्ति 1,116 करोड़ रुपये आंकी गई है। वर्ष 2015 में उन्होंने डेब्यू किया और अपना एल्बम लॉन्च किया। इसके बाद उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। दुआ लीपा ने अपने अब तक के करियर में कई मशहूर लोगों के साथ काम कर चुकी हैं। गायिका ने माइली साइरस, केल्विन हैरिस, सीन पॉल, मार्टिन गैरिक्स, सिल्क सिटी, एंड्रिया बोसेली, मेजर लेजर, मेगन थी स्टैलियन और एल्टन जॉन जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। दुआ लीपा ने वर्ष 2020 में अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। दुआ के शो की सबसे ज्यादा टिकट बिकी, जो किसी भी एकल महिला कलाकार द्वारा लाइव स्ट्रीम किए गए कॉन्सर्ट से सबसे ज्यादा थी। वहीं, पॉप सिंगर के नाम एक और रिकॉर्ड है, उन्होंने एक महिला कलाकार के तौर पर स्पॉटिफाई पर सबसे ज्यादा सुने जाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

दुआ लीपा के इंस्टाग्राम पर 87.4 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं और वह इससे भी कमाई करती हैं।

### टॉलीवुड

## बॉयफ्रेंड एंटनी के साथ दो वेडिंग सेरेमनी करेंगी कीर्ति सुरेश, जल्द गोवा में होने वाली है शादी



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने कुछ दिन पहले ही अपनी शादी की आधिकारिक पुष्टि की है। अब खबर है कि वह दो वेडिंग सेरेमनी करने वाली हैं। कुछ दिन पहले अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अपने माता-पिता के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थिति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची थी। यहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। जब वह मंदिर के बाहर आई तो उन्होंने मीडिया को बताया कि वह अपनी अगली फिल्म की सफलता के लिए भगवान का आशीर्वाद लेने आई, साथ ही दिसंबर महीने में उनकी गोवा में शादी है। इस तरह से कीर्ति सुरेश ने अपनी होने वाली शादी की बात को कंफर्म कर दिया था। अब खबर है कि वह दो तरह से शादी करेंगी यानी फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिलेंगी। कीर्ति धर्म से हिंदू हैं और एंटनी क्रिशियन, यही कारण है कि दोनों अपने-अपने धर्मों के रीति-रिवाज से शादी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 12 दिसंबर 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। सुबह हिंदू रीति से शादी होगी और उसी दिन शाम को क्रिशियन रीति से कीर्ति और एंटनी शादी करेंगे। इस तरह से कीर्ति के फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिल सकती हैं। वह दो तरह के दुल्हन के गेटअप में नजर आएंगी।

कीर्ति सुरेश बॉयफ्रेंड एंटनी को लगभग 15 साल से डेट कर रही हैं। उन्होंने अब तक अपने रिश्ते को दुनिया के सामने जाहिर नहीं किया। कुछ दिन पहले ही एंटनी के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिसमें अपने इतने लंबे साथ की बात को बयां किया था। अब इन दोनों के प्यार को मंजिल मिल गई, दोनों दिसंबर में गोवा में शादी कर रहे हैं। कीर्ति सुरेश एक तरफ अपनी शादी में व्यस्त हैं। वहीं वह अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता वरुण धवन की पत्नी के रोल में नजर आएंगी। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को वह यादगार भी बताती हैं।

### छॉलीवुड

## रायपुर के अपूर्व की लघु फिल्में ओटीटी प्लेटफार्म पर



राजधानी रायपुर के नौजवान अपूर्व डेगन एक प्रतिभाशाली और मेहनती कलाकार हैं, जो अपने अलग अंदाज़ और मंझे हुए अभिनय के लिए जाने जाते हैं। उनकी दो लघु फिल्में, इंस्टेंट लोन 4 दिसंबर को दुनिया कि सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफार्म ₹हंगामा₹ ओटीटी पर रिलीज हुई है, वहीं इसी प्लेटफार्म पर फैमिली बॉय 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। दोनों फिल्में उनकी अभिनय यात्रा के लिए एक नया मोड़ है। ये कहानियां ना सिर्फ मनोरंजन प्रदान करती हैं,बल्कि सामाजिक संदेश भी देती हैं। आज के वर्तमान समय में समाज को बहुत ही पावरफुल मैसेज देगी। अपूर्व का पारिवारिक बैकग्राउंड डॉक्टरों का है, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को साकार करने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अपूर्व के लिए कला सिर्फ एक काम नहीं, बल्कि एक जुनून है अपूर्व अपनी कला को नये आयाम देने और दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए लगातार कोशिश करते हैं। उनकी कहानी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों के पीछे दौड़ना चाहता है, चाहे परिस्थितयां कुछ भी क्यों ना हो। एएएफटी रायपुर से एक्टिंग की पढ़ाई के बाद अपूर्व ने अपने दोस्तों के साथ मिल कर एक शॉर्ट फिल्म बनाई। उन्होंने साई आसरा फिल्म एंटरटेनमेंट नाम का यूट्यूब चैनल चालू किया जिसमें शॉर्ट फिल्म बनाके अपलोड किया ₹अनहोनी बहुत सीर₹ शॉर्ट फिल्म में अवॉर्ड जीता फिर मुंबई की तरफ रूख किया।

## पेरिस की 'खाकी'



लाइफ स्टाइल

पेरिस फैशन वीक में सेंट लॉरेंट के फॉल/विंटर 2024 कलेक्शन अपने खाकी रंग के साथ नमूदार हुआ। जो पारदर्शिता और सौंदर्य के बीच एक आकर्षक नृत्य जैसा था। डी मेजर में मैग्निफिकैट की अलौकिक ध्वनियों के साथ सेट किए गए इस शो की शुरुआत कॉफी ब्राउन शीयर ड्रेस से हुई, जिसके नाजुक कपड़े को फर श्रग और एक बोल्ड ब्लैक बेल्ट द्वारा उभारा गया।

## सर्दियों में कैसे चुनें सही सनस्क्रीन, उपाय है यहां



विंटर में स्किन ड्राई होती है। इसलिए टैनिंग भी ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आपको अपनी सनस्क्रीन का सही एसपीएफ खरीदना चाहिए। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि कम से कम आपकी क्रीम का एसपीएफ 30 होना चाहिए। लेकिन सर्दियों में आप इससे ज्यादा एसपीएफ वाली क्रीम खरीद सकती हैं। वो भी काफी अच्छी होती है।

ऐसी सनस्क्रीन चुनें जिसमें स्पेक्ट्रम प्रोटेक्शन ज्यादा हो। क्योंकि सर्दियों में स्किन को नमी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसके (सनस्क्रीन के फायदे) लिए आप ऐसे क्रीम खरीद सकती हैं जिसमें डाइऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, या एवोबेनज़ोन जैसे तत्व मौजूद हों। बाजार में आपको ऐसी क्रीम आसानी से मिल जाएगी, जिसका इस्तेमाल आप रोजाना कर सकती हैं। अगर आपकी स्किन ज्यादा ड्राई है तो सर्दियों के लिए बेस्ट है कि आप लाइट वेट सनस्क्रीन को चूज करें। इससे आपकी स्किन पर किसी तरह की कोई इरिटेशन भी नहीं होगी। साथ ही स्किन सॉफ्ट रहेगी। बस इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपको तकलीफ न हो।

कई बार होता है कि हम अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए ज्यादा सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन ऐसा (स्किन को हाइड्रेट रखने का तरीका) बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

## फंक्शन में दिखना है खास तो लहंगे के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लिए



फैशन



हर शादी व फंक्शन में जाने के लिए हम अक्सर ट्रेडिशनल वियर को ही पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए ज्यादातर लोग लहंगे को पहनते हैं। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइंस लगभग हर ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर्स पर आसानी से मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो हम सेलिब्रिटीज के जैसे डिजाइनर लहंगे पहनना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लहंगे के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप इस वेडिंग सीजन के लिए ट्राई कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन ट्रेडिशनल लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### ब्लैक लहंगा डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस खूबसूरत लहंगे को डिजाइनर सब्यासाची ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।

### वेलवेट लहंगा डिजाइन

ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए आप वेलवेट फैब्रिक से बने लहंगे को पहन सकती हैं। इस तरह के डिजाइनर आउटफट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 4,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लुक के साथ आप सिंपल और स्लीक हेयर स्टाइल को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट लहंगा डिजाइन

दिन की शादी में जा रही हैं तो इस तरह के सोबर कलर को ट्राई करें। इसे डिजाइनर फराज़ मनन द्वारा डिजाइन किया गया है।

## स्लिक हेयर बेक स्टाइल के लिए कीजिए कुछ खास तैयारी



स्लिक हेयर बेक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही।

इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। इसके लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं। बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

## फटी-पुरानी साटन साड़ी को फेंके नहीं इन तरीकों से करें इनका इस्तेमाल



अक्सर अलमारी में बंद पड़े बिना ज्यादा इस्तेमाल हुए रखें ही रह जाते हैं और आखिर फैब्रिक कमजोर होकर फट जाता है। ज्यादातर ऐसा साड़ी के साथ होता है और बदलते फैशन ट्रेंड में हम साड़ी को ज्यादा बार नहीं पहन पाते हैं, जिसके कारण ये अलमारी में रखी ही रह जाती हैं। बता दें कि पुरानी साड़ी को आप आसानी से रीसायकल कर सकती हैं।

### सिरहाने के कवर बनाने में आ सकते हैं काम

हम ज्यादातर रेडीमेड सिरहाने के कवर खरीदते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप साटन साड़ी को रीसायकल कर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए इनसे अपने सिरहाने के कवर बनवा सकती हैं। साथ ही चाहे तो आप दूसरी किसी साड़ी की मदद से पाइपिंग वाला बॉर्डर भी बना सकती हैं और इसे फैंसी लुक दे सकती हैं।

### साटन साड़ी से बनाएं स्टाइलिश बैग

साटन का फैब्रिक एक तरफ से बेहद मुलायम होता है दूसरी तरफ से खुदरा होता है। इसकी मदद से आप काफी स्टाइलिश कलरफुल और अपनी जरूरत के अनुसार कलर कॉम्बिनेशन का बैग बनवा सकती हैं। कोशिश करें कि बैग बनवाने के लिए आप सभी चीजें सही तरीके से माप लें ताकि आसानी से आप इसे कैरी कर पाएं।

### साड़ी से कैसे बनाएं डेकोरेशन की चीजें?

आप चाहे तो घर पर लगाने वाले डेकोरेशन आइटम्स भी पुरानी साटन साड़ी की मदद से बना सकती हैं। बता दें कि इसके लिए आप दीवार पर वाल हैंगिंग या लैंप कवर जैसी कई अन्य चीजें भी बना सकती हैं। इसके लिए आप कोशिश करें कि प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव करें।

कार्नर न्यूज

**ऐसे बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब**

## मेंस फैशन में चुनिए ऐसा जो आपको हजारों की भीड़ में भी अलग दिखाए

*पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है। खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं। मगर अपीलिंग फैशन के लिए कोई गारंटी वाला फार्मूला नहीं है। हां, हम यहां पर ऐसी कुछ बातें जरूर बताएंगे। जिससे आपके लिए फैशन से आकर्षित करना आसान हो जाएगा। लेकिन ये भ्रम न पालें कि लड़की दौड़ी चली आएगी और लिपट जाएगी।*



**ट्रेंडी ड्रेस पहनें :** फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे। जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

**फंकी न बनें :** आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं।

**पहनें एक शानदार घड़ी :** यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी। इससे आप और भी आकर्षक दिखेंगे। इसके लिए आप अपनी खातिर एक परफेक्ट घड़ी खरीदें, जो दिखने में अच्छी हो। आप अपने लिए मेटल वॉच या लेदर बेल्ट वाली घड़ी ले सकते हैं। मगर उनको अपनी ड्रेस की मैचिंग के हिसाब से पहनें। जैसे- फॉर्मल लुक के साथ मेटल वॉच और कैजुअल लुक के लिए लेदर बेल्ट वाली घड़ी सही रहेगी। मगर ऐसे मेटल को पहनें जो दिखने में चमकीला हो। ताकि दूर से ही नजर आए।



**चप्पल नहीं, पहनें जूते :** चप्पल पहनकर कहीं भी नहीं जा सकते हैं। इस बात अच्छी तरह याद कर लें। शूज के मुकाबले चप्पल कम आकर्षक होता है। इसलिए जब बात किसी को आकर्षित करने की हो या इंप्रेशन जमाने की हो तो अपनी ड्रेस के हिसाब से परफेक्ट मैचिंग वाला शूज पहनकर जाएं। स्नीकर्स कैनवास स्नीकर्स लोफर इस तरह के शूज लड़कों के फैशन को किलर बनाते हैं।